www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

वर्ष: 3 | अंक: 161 जयपुर, मंगलवार, 21 मई, 2024 । वैशाख, शुक्ल पक्ष- त्रयोदशी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### ईरानी राष्ट्रपति रईसी की हेलिकॉप्टर हादसे में मौत



**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के हेलिकॉप्टर क्रैश में मौत की पुष्टि हुई है। ईरानी अधिकारियों ने बताया कि सेना को दुर्घटनाग्रस्त हेलिकॉप्टर का मलबा मिल गया। रविवार को इब्राहिम रईसी और कई ईरानी अधिकारियों के ले जा रहा हेलिकॉप्टर एक ग्रामीण इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हेलिकॉप्टर का मलबा मिलने के बाद अब उनका शव भी बरामद कर लिया गया है। ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने मोहम्मद मोखबर को अंतरिम राष्ट्रपति के रूप में मंजूरी दे दी है। भारत सरकार ने ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के निधन पर एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मौत पर शोक जताया है। मोदी ने कहा कि भारत इस दुख की घड़ी में ईरान के साथ हमेशा की तरह खड़ा है।

■ पेज 8 भी देखें

### हीटवेव के साथ ही कई जिलों में बारिश का भी अलर्ट

**जयपुर।** भीषण गर्मी से तप रहे प्रदेश में फिलहाल राहत के आसार नही है। हालांकि छिटपुट बारिश के बाद कुछ जिलों में तापमान में उतार चढ़ाव देखा गया है। दूसरी ओर मौसम विभाग ने आगामी दिनों में हीटवेव के साथ ही कई जिलों में बारिश का येलो अलर्ट भी जारी किया है। विभाग के अनुसार आगामी एक दो दिनों में जयपुर, बीकानेर, नागौर, सीकर, अलवर, दौसा, भरतपुर, चूरू, झुंझुनूं, करौली और सवाईमाधोपुर जिले में कहीं कहीं बारिश हो सकती है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## RBSE का 12वीं साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स का एक साथ जारी हुआ रिजल्ट

# अलवर की प्राची 100% अंकों के साथ बनीं स्टेट टॉपर

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (आरबीएसई) के 12वीं कक्षा के तीनों संकाय विज्ञान, कॉमर्स और कला का रिजल्ट सोमवार को घोषित किया गया। इस बार भी 12वीं कक्षा के रिजल्ट के तीनों संकाय में लड़कियों ने लड़कों को मात दी। परीक्षा परिणाम पर सीएम भजनलाल शर्मा ने सभी को बधाई दी। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन विद्यार्थियों को इस बार सफलता प्राप्त नहीं हुई, वे बिल्कुल भी निराश न हों। तीनों संकाय की बात करें तो साइंस में 97.73, कॉमर्स में 98.95 और आर्ट्स में 96.88% स्टूडेंट्स पास हुए हैं।

तीनों संकाय में लड़कियों का रिजल्ट लड़कों के मुकाबले बेहतर रहा है। बोर्ड प्रशासक (अजमेर के संभागीय आयुक्त) महेश चंद्र शर्मा ने ये रिजल्ट जारी किया। बोर्ड इतिहास में ये दूसरी बार रहा जब आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स तीनों के रिजल्ट एक साथ जारी किए गए। इससे पहले कोरोना काल में ऐसा हुआ था। इसके साथ ही वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा का परिणाम भी जारी किया गया है। तीनों संकाय (साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स) के परिणाम में लड़कियां आगे रहीं। साइंस में लड़कों का परिणाम 97.08 और लड़कियों का 98.90 प्रतिशत रहा। इसी तरह कॉमर्स में छात्रों का परिणाम 98.66 प्रतिशत और छात्राओं का 99.51 प्रतिशत रहा। आर्ट्स में लड़कों का रिजल्ट 91.55 प्रतिशत और लड़कियों का 96.24 प्रतिशत रहा।

■ पेज 5 भी देखें

### साइंस में 97.73%, कॉमर्स में 98.95% और आर्ट्स में 96.88% विद्यार्थी हुए पास



#### परीक्षा में उन्होंने किया टॉप

आरबीएसई का रिजल्ट जारी होने के साथ ही प्रदेश के होनहार सामने आने लगे हैं। तमाम परेशानियों के बावजूद पढ़ाई में शानदार प्रदर्शन किया और अच्छे नंबरों से पास हुए। छह से सात घंटे की पढ़ाई, मोबाइल और सोशल मीडिया से दूरी बनाकर बच्चे टॉपर बने हैं। खैरथल की प्राची सोनी साइंस के सभी सब्जेक्ट में 100 में से 100 नंबर लेकर आई हैं। कोटा शहर की रहने वाली उमा ने आर्ट्स में 96.20 प्रतिशत नंबर हासिल किए। एग्जाम से 7 महीने पहले पिता की मौत हो गई थी। बेटी को पढ़ाने के लिए मां ने दूसरों के घर में काम किया। जोधपुर शहर के अग्रवाल जमनादेवी स्कूल में पढ़ने वाली भूमिका लखानी ने साइंस में 93.80 प्रतिशत नंबर हासिल किया है। भूमिका के पिता एल्युमीनियम का सामान बनाने वाली कंपनी में मजदूरी करते हैं। वहीं रींगस (सीकर) के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले अनन्य शर्मा 97.60% नंबर लेकर आए हैं। सीकर की अंजलि शर्मा के साइंस में 99.40 प्रतिशत आए हैं।



प्राची सोनी

## कोटड़ी भट्टी कांड में पॉक्सो कोर्ट का फैसला

# गैंगरेप कर बच्ची को जिंदा जलाने वालों को फांसी

### दो सगे भाइयों ने 4 घंटे तक की थी हैवानियत

**बेधड़क** | भीलवाड़ा

जिले के कोटड़ी भट्टी कांड के दरिंदों को उनके गुनाहों की सजा मिल गई है। जिले की पोस्को अदालत-2 के जज अनिल गुप्ता ने इन दोनों सगे भाई कालू और कान्हा कालबेलिया को फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट ने इस मामले को जघन्यतम अपराधों की श्रेणी में माना है, वहीं मामले में पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए 30 दिन के अंदर 473 पेजों की चार्जशीट को दाखिल किया था। इसके बाद तकरीबन 10 महीनों के लंबे इतजार के बाद कोर्ट ने सोमवार को फैसला सुनाया है।

इससे पहले शनिवार को मामले पर सुनवाई करते हुए दोनों अपराधियों पर अपराध सिद्ध करते हुए जज अनिल गुप्ता ने फैसले को सुरक्षित रख लिया था। साथ ही अन्य नौ लोग जिन्होंने इस मामले में आरोपियों की मदद की थी, उन्हें बरी कर दिया गया था। उनमें दोनों दोषियों की पत्नी, मां, बहन और अन्य शामिल हैं। सुनवाई के दौरान कोर्ट में पीड़िता के माता-पिता भी मौजूद थे।

फैसला सुनकर पीड़िता की मां ने कहा कि हमें न्याय मिल गया। लोक अभियोजक महावीर किसनावत ने बताया कि नाबालिग लड़की को पिछले साल अगस्त में गैंगरेप के बाद भट्टी में जिंदा जला दिया गया था। पुलिस ने एक महीने के अंदर 473 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें कई चौंकाने वाले खुलासे हुए थे। कोर्ट ने भी इस हत्याकांड को जघन्य अपराध माना है। किशनावत के अनुसार, सामूहिक दुष्कर्म के बाद आरोपियों को लगा कि नाबालिग मर गई है और उन्होंने उसे भट्टी में फेंक दिया।

फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि जब लड़की को भट्टी में फेंका गया, तब वह जीवित थी क्योंकि उसकी मौत जलने के कारण हुई थी।



#### क्या था मामला

यह मामला 2 अगस्त 2023 की है। शाहपुरा के कोटड़ी थाना इलाके के एक गांव में 14 साल की नाबालिग सुबह करीब 8-9 बजे मवेशी चराने निकली थी। दोनों भाई कालू और कान्हा उसका मुंह दबाकर भट्टी के पीछे ले गए और चार घंटे तक गैंगरेप किया। दोनों भाई की पत्नी, मां, बहन और एक नाबालिग को गैंगरेप का पता चल गया। सभी ने आपस में चर्चा की कि मामला खुला तो फंस जाएंगे। फिर उसे भट्ठी में जला दिया गया। उस समय बच्ची के माता-पिता ने ढूंढने का प्रयास किया। उसी दौरान खेत में भट्टी से धुआं उठता हुआ दिखाई दिया, इस पर किसी अनहोनी होने का आशंका में पास जाकर भट्टी में देखा तो सभी के होश उड़ गए थे। उसमें लड़की की कुछ हड्डियां और भट्टी के आसपास लड़की के कपड़े, चप्पल और कड़े पाए गए थे। इसके बाद लड़की के पिता ने थाने में मामला दर्ज कराया था।

#### हमारी सरकार ने तत्काल लिया था एक्शन: पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत

कोर्ट के इस फैसले का पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने स्वागत किया। कोर्ट का फैसला आने के बाद अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- 'अगस्त 2023 में भीलवाड़ा के कोटड़ी में बालिका से दुष्कर्म एवं हत्या के मामले में अदालत से दोषियों को मृत्युदंड की सजा का फैसला स्वागत योग्य है। उस समय हमारी सरकार ने इस घटना के आरोपियों पर कार्रवाई करते इनकी त्वरित गिरफ्तारी की थी। उस समय एडीजी क्राइम को घटनास्थल पर भेजा गया और केस ऑफिसर स्कीम के तहत इस केस को लिया गया। करीब एक महीने में ही इस केस की चार्जशीट दायर कर दी गई थी। करीब 10 महीने के अंदर ही इन दोषियों को सजा सुनाई गई है।

#### सीएम ने किया कोर्ट के फैसले का स्वागत

### बालिका अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति



बेधड़क । जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कोर्ट से भीलवाड़ा में कोटड़ी में नाबालिग के साथ गैंगरेप एवं हत्या के मामले में दोषियों को मृत्युदंड की सजा के निर्णय को स्वागत योग्य बताया है। इस मामले में सोमवार को फैसला आने के बाद भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में बालिकाओं के साथ अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में अपराध और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है और अगर किसी ने अपराध करने का दुस्साहस भी किया तो उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## नई दिल्ली में मुख्यमंत्री ने की जनसभाएं

# PM मोदी ही बना सकते हैं देश को महाशक्ति: CM भजनलाल

**बेधड़क** | नई दिल्ली

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश की कोई उन्नति कर सकते हैं, विश्व में देश को महाशक्ति बना सकते हैं और गरीबों का उत्थान कर सकते हैं तो वे हैं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। शर्मा सोमवार को नई दिल्ली में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाएं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दिन में भाजपा उम्मीदवार हर्ष मलहोत्रा और शाम को मनोज तिवारी के पक्ष में जनसभा में बोलते हुए जनता का आह्वान किया कि दिल्ली में भाजपा के सातों सीटों के प्रत्याशियों को प्रचंड बहुमत से जिताएं। इसमें कोई चूक न करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत शीघ्र ही विश्व की महाशक्ति बनने जा रहा है। यही कारण है कि जो दो-तीन महाशक्तियां हैं, उनको भारत के रूप में प्रतिद्वंद्वी दिखाई देने लगा है।




#### किर्गिस्तान में पढ़ रहे विद्यार्थियों की मदद करेगी सरकार: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किर्गिस्तान में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार विदेश मंत्रालय के साथ लगातार संपर्क में है। सरकार किर्गिस्तान में पढ़ रहे सभी छात्र-छात्राओं के साथ है, वे खुद को अकेला न समझें। राजस्थानी विद्यार्थी किर्गिस्तान में सुरक्षित रहें, इसके लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से भारतीय विदेश मंत्रालय से छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को किर्गिस्तान के घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रखने के निर्देश दिए हैं जिससे वहां राजस्थानी छात्र-छात्राओं को आवश्यक सहायता तत्काल उपलब्ध कराई जा सके। विदेश मंत्रालय ने किर्गिस्तान में फंसे छात्रों के लिए आपातकालीन नंबर (996555710041) जारी किया गया है। परेशानी की स्थिति में छात्र इस नंबर पर किसी भी समय सम्पर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

#### पंजा मत दिखाओ, इसने देश को गंजा कर दिया

मुख्यमंत्री शर्मा ने संबोधन के अंत में जब जनता से नारे लगवाए तब किसी ने हाथ दिखाया तो बोले, 'पंजा मत दिखाओ-इसने तो देश को गंजा कर दिया है।' उन्होंने कहा कि 25 मई को आप स्वयं तो वोट दें ही, उसके साथ ही अपने पड़ोसियों और जान-पहचान वालों से भी बीजेपी के पक्ष में वोट डलवा कर भाजपा प्रत्याशियों को रिकॉर्ड मतों से जिताएं।

## मणिपुर: गुप्त सूचना पर सेना ने की कार्रवाई

# हथियार-गोला बारूद का जखीरा बरामद

**बेधड़क** | इंफाल

भारतीय सेना ने मणिपुर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाकर मणिपुर के इंफाल पूर्व जिले से बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और युद्ध संबंधी सामग्री बरामद की। बरामद हथियारों में इम्प्रोवाइज्ड लंबी दूरी की मोर्टार (पोम्पी), एक 303 राइफल, 12 बोर की दो बंदूक, दो हैंड ग्रेनेड, गोला-बारूद आदि शामिल हैं।



रक्षा मंत्रालय मणिपुर ने बताया कि सेना को राज्य के इंफाल पूर्व जिले के ग्वालताबी गांव के सामान्य क्षेत्र में हथियारों व गोला-बारूद होने की पुख्ता सूचना मिली थी। सूचना पर सेना ने मणिपुर पुलिस के साथ मिलकर तलाशी अभियान चलाया और बड़ी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद किया। बरामद हथियारों व गोला-बारूद को आगे की जांच के लिए मणिपुर पुलिस को सौंप दिया गया है। सुरक्षा बल मणिपुर राज्य में शांति और सद्भाव की शीघ्र बहाली के लिए सतर्क और प्रतिबद्ध हैं।

## लोकसभा चुनाव 2024


# पांचवां चरण: 695 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला ईवीएम में बंद

- 8 राज्यों की 49 सीटों पर हुआ करीब 57 फीसदी मतदान
- पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा 73 फीसदी पड़े वोट
- महाराष्ट्र में सबसे कम 48.88 प्रतिशत हुआ मतदान

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के 5वें फेज में सोमवार को 6 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर वोटिंग खत्म हो गई। पांचवें चरण की वोटिंग में देश भर में कहीं भी हिंसा की खबर सामने नहीं आई। पश्चिम बंगाल में दो जगहों पर बीजेपी और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच मामूली नोंकझोंक का मामला सामने आया, वहीं महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) के तीन कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया गया।

पांचवें चरण में 695 उम्मीदवार मैदान में थे। इनमें 613 पुरुष और 82 महिला उम्मीदवार शामिल थे। वोटिंग के लिए 94,732 मतदान केंद्र बनाए गए थे। चुनाव आयोग की ओर से जारी आंकडों के मुताबिक वोटिंग खत्म होने तक 57.47% मतदान हुआ। 5वें फेज में 9 केंद्रीय मंत्रियों और एक पूर्व मुख्यमंत्री की किस्मत ईवीएम मशीन में कैद हो गई। इस चरण में राजनाथ सिंह, स्मृति सिंह, साध्वी निरंजन ज्योति, पीयूष गोयल, कौशल किशोर, डॉक्टर भारती प्रवीण पवार, अन्नपूर्णा देवी, कपिल पाटिल, शांतनु ठाकुर और पूर्व सीएम उमर अब्दुल्ला, राहुल गांधी सहित कई दिग्गज चुनावी मैदान में थे। इस चरण में ओडिशा में विधानसभा की 35 सीटों पर भी चुनाव हुआ। ओडिशा में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 60.70% वोटिंग हुई। हालांकि, मतदान प्रतिशत के अंतिम आंकड़े आने बाकी हैं। आयोग के मुताबिक शाम 7 बजे तक पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा 73 प्रतिशत वोट पड़े, जबकि महाराष्ट्र में सबसे कम 48.88 प्रतिशत मतदान हुआ। जम्मू-कश्मीर की बारामूला लोकसभा सीट पर 54.21 प्रतिशत और लद्दाख सीट पर 67.15 प्रतिशत मतदान रिकॉर्ड किया गया।



#### फिल्मी सितारों में वोटिंग को लेकर दिखा जुनून

इस चरण में महाराष्ट्र में मुंबई की सभी 6 सीटों के साथ कुल 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान हुआ। इस दौरान मुंबई में फिल्मी सितारों में वोटिंग के प्रति खासा उत्साह दिखाई दिया। सुपरस्टार अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, शाहरुख खान, सलमान खान, संजय दत्त, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, माधुरी दीक्षित, वरुण धवन समेत तमाम एक्टर्स ने पोलिंग बूथ पहुंचकर वोट डाला। अभिनेत्री हेमा मालिनी बेटी ईशा देओल के साथ मुंबई के एक पोलिंग बूथ पर वोट करने पहुंचीं। अभिनेत्री सारा अली खान ने अपनी मां अमृता सिंह के साथ वोट करने पहुंची।

#### 543 में से 429 सीटों पर हो चुका है चुनाव

पांचवें चरण की वोटिंग के बाद लोकसभा की 543 सीटों में से 429 पर चुनाव पूरा हो गया है, जिसमें गुजरात की सूरत लोकसभा सीट भी शामिल है, जहां भाजपा निर्विरोध विजयी हुई है। पहले चरण में 102, दूसरे में 88, तीसरे में 93, चौथे में 96 और पांचवें में 49 सीटों पर मतदान कराया गया है।

## जरूरी खबर

### शिक्षा क्षेत्र के अनुसार लक्ष्य तय करें: कृष्ण कुणाल



**जयपुर।** शासन सचिव, स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र के हितधारक टाइमलाईन के अनुसार लक्ष्य निर्धारित कर विजन डॉक्यूमेंट तैयार करें। कुणाल सोमवार को शिक्षा संकुल में शिक्षा क्षेत्र के हितधारकों के साथ विजन डॉक्यूमेंट विकसित राजस्थान 2047 तैयारी के संबंध में बैठक की। बैठक में शासन सचिव, विज्ञान एवं तकनीकि वी. सरवन कुमार, आयुक्त मिड-डे मील विश्व मोहन शर्मा, आयुक्त कॉलेज शिक्षा पुखराज सैन आदि ने भाग लिया।

### चाकसू में सुबह 2 घंटे रहेगा विद्युत शटडाउन

**चाकसू।** चाकसू में 220 केवी सबस्टेशन राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड कोर्ट के सामने मंगलवार सुबह 8 से 10 बजे तक विद्युत शटडाउन रहेगा। विद्युत सहायक अभियंता रामावतार बैरवा ने बताया कि आवश्यक मरम्मत / रख-रखाव कार्य होने के कारण निकलने वाले 33 केवी फीडर चाकसू (220 केवी जीएसएस के सामने चाकसू), चाकसू (मुख्य). शिवदासपुरा, कादेड़ा, तीतरिया, ब्रजपुरा, आइ.ओ.सी. इत्यादि सभी फीडरों की सप्लाई बाधित रहेगी। जिससे 33/11 केवी सबस्टेशन चाकसू (220 केवी जी०एस०एस० के सामने चाकसू), चाकसू (मुख्य), शिवदासपुरा, कादेड़ा, तीतरियर में बिजली नहीं आएगी।

### एबीएसटी, बॉटनी, ड्राइंग एंड पेंटिंग की परीक्षा हुई



**जयपुर।** आरपीएससी की सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक (कॉलेज शिक्षा विभाग) की परीक्षा, सोमवार को ऐच्छिक विषय एबीएसटी, बॉटनी, ड्राइंग एंड पेंटिंग विषय की परीक्षा का आयोजन अजमेर एवं जयपुर जिला मुख्यालय पर किया गया। परीक्षा में एसटी, बॉटनी, ड्राइंग एंड पेंटिंग विषयों की परीक्षा के लिए क्रमशः 6475, 6188 एवं 1581 अभ्यर्थी पंजीकृत किए गए थे। इनमें से प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक आयोजित प्रश्न पत्र- प्रथम की परीक्षा में क्रमशः 2084, 2098, 680 अभ्यर्थी एवं दोपहर 2:30 से 5:30 बजे तक आयोजित प्रश्न पत्र- द्वितीय की परीक्षा में क्रमशः 2077, 2087, 685 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए।

---

**खान सचिव आनंदी ने बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

# बंद खानों में लगाए जाएंगे 5 लाख पौधे, जिम्मेदारी होगी तय

**बेधड़क** | जयपुर

खान विभाग ने मानसून के दौरान राज्य के खनन क्षेत्रों और विभाग के दफ्तरों में व्यापक स्तर पर पौधारोपण करने की योजना बनाई है। खान सचिव आनन्दी ने बताया कि कलस्टर आधार पर भी पौधारोपण करवाया जाएगा, ताकि मानसून के दौरान अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण के साथ ही लगाए जाने वाले पौधों/ वृक्षों का रखरखाव भी सुनिश्चित हो सके।

इस मुहिम में पौधारोपण के दौरान छायादार और फलदार पौधें लगाने को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए स्थानीय प्रशासन



और वन विभाग के अधिकारियों से समन्वय बनाते हुए सामूहिक पौधारोपण होगा।

खान सचिव ने कहा कि माइंस विभाग के खनन गतिविधियों से जुड़े होने के कारण पर्यावरण संरक्षण की भी अधिक जिम्मेदारी हो जाती है। लिहाजा हर जिले के खनन पट्टा क्षेत्रों में, जहां खनन कार्य पूरा होकर बंद हो चुका है, वहां कम से कम एक खान चिन्हित कर उसका पुनर्भरण करवाने और फिर उस स्थान पर व्यापक पौधारोपण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### प्रदेश में 30 हजार से अधिक है माइंस

खान सचिव आनन्दी ने बताया कि एक मोटे अनुमान के अनुसार माइनिंग सेक्टर में इस मानसून सीजन में पांच लाख से ज्यादा पौधे लगाए जाएंगे। पौधारोपण के लिए सभी विभागीय कार्यालयों में एक-एक अधिकारी को इस काम की देखरेख की जिम्मेदारी दी जाएगी। वहीं, मुख्यालय स्तर पर अतिरिक्त निदेशक पर्यावरण विकास दीपक तंवर मॉनिटरिंग करेंगे। सोमवार को जयपुर में आयोजित वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में खान सचिव ने जरूरी दिशानिर्देश दिए हैं। पौधारोपण कार्यक्रम में माइंसधारकों की भूमिका और सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। गौरतलब है कि प्रदेश में मेजर और माइनर मिनरल की छोटी-बड़ी 30 हजार से अधिक माइंस है।

### भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार लगेंगे पौधे

पौधारोपण के साथ ही मानसून सीजन के दौरान लगाये जाने वाले पौधों और वृक्षों के रखरखाव और सारसंभार की जिम्मेदारी भी दी जाएगी, ताकि माइंस विभाग का पौधारोपण अभियान अपने मकसद में पूरा हो सके। इसके लिए अलग-अलग स्तर पर जिम्मेदार लोगों को काम सौंपा जाएगा। खान विभाग की मुहिम में छायादार-फलदार वृक्षों में नीम, बड़, पीपल, आम, शहतूत, शीशम, गुलमोहर, अशोक, जामुन जैसे पेड़ों के पौधे लगाए जाएंगे। पौधारोपण के दौरान राजस्थान की भौगोलिक स्थितियों के अनुसार कम पानी और जल्दी बढ़ने वाले पौधों को लगाने में प्राथमिकता दी जाएगी।

---

**जमीन नीलामी पर भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़ की प्रेस वार्ता**

# BJP सरकार में किसानों की 1 इंच भी जमीन नहीं होने देंगे नीलाम

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के किसान कर्जमाफी वाले बयान पर पलटवार किया है।

उन्होंने कहा कि हनुमानगढ के रावतसर की जमीन नीलामी के नोटिस को लेकर गहलोत भाजपा पर तथ्यहीन और बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। राठौड़ ने कहा कि किसानों की जमीन नीलामी कांग्रेस सरकार के राज में होती थी, अब प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार है जो संकल्प पत्र के सभी संकल्पों को पूरा करने के लिए कटिबद्ध है। राठौड़ भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। राठौड़ ने आगे कहा कि नोटिस को लेकर सरकार के पास कोई जानकारी नहीं थी। जैसे ही जानकारी में आया उसके तुरंत बाद नीलामी को रद्द करवा दिया गया है। किसानों की 1 इंच भी जमीन नीलाम नहीं होने देंगे। गहलोत तथ्यहीन और बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं, किसानों को नोटिस मिलना गत कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों की देन है।




### रोड़ा एक्ट में नहीं किया संशोधन

पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने किसानों की 5 एकड़ कृषि भूमि नीलाम नहीं होने के संबंध में नवंबर 2020 में विधानसभा में बिल पारित करवाया था। अब वे कह रहे हैं कि राजस्थान में किसानों की जमीन नीलाम की जा रही है और सरकार को किसानों की कोई परवाह नहीं है, लेकिन हकीकत वो छिपा रहे हैं। गत कांग्रेस सरकार ने विधानसभा में नवंबर 2020 में सिविल प्रक्रिया संहिता (राजस्थान संशोधन) विधेयक, 2020 विधानसभा में पारित करवाया था, जिसके तहत किसानों की 5 एकड़ तक की कृषि भूमि को नीलाम नहीं किए जाने का प्रावधान सरकार ने किया था। प्रावधान प्रदेश के किसानों के लिए किसी भी प्रकार से उपयोगी साबित नहीं हो सकता है, क्योंकि सरकार ने राजस्थान कृषि ऋण संक्रिया (कठिनाई व निराकरण) अधिनियम 1974 (रोडा एक्ट, 1974) में संशोधन नहीं किया। रोडा एक्ट की धारा 13 में स्पष्ट प्रावधान है कि बैंक ऋणी किसानों से ऋण की वसूली कर सकता है। अगर गत कांग्रेस सरकार की मंशा किसानों की भलाई की होती तो सरकार उस समय रोडा एक्ट 1974 में संशोधन लाती। राठौड़ ने कहा कि भाजपा ने विपक्ष में रहते हुए इस विधेयक का पुरजोर विरोध किया गया था, क्योंकि सरकार को राजस्थान कृषि ऋण संक्रिया (कठिनाई व निराकरण) अधिनियम 1974 (रोडा एक्ट, 1974) में संशोधन करना चाहिए था। इससे किसानों की ओर से राष्ट्रीयकृत बैंक, अधिसूचित बैंक व ग्रामीण बैंकों से लिए गए अल्पकालीन अवधिपार ऋण माफ हो सकते।

### पीएम मोदी की गारंटियों पर से घबराए गहलोत

राठौड़ ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2023 में कांग्रेस की करारी हार से पूर्व सीएम गहलोत बौखला उठे हैं। अब लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को मिल रहे अभूतपूर्व जनसमर्थन और पीएम मोदी की गारंटियों पर जनता के अटूट विश्वास से घबराकर गहलोत ऐसे बचकाने बयान दे रहे हैं। मोदी की गारंटी अपने आप में अटल सत्य है। विगत कांग्रेस सरकार ने जन घोषणा पत्र 2018 में पृष्ठ संख्या 3 के बिन्दू संख्या 1 में 10 दिनों में किसानों का कृषि ऋण माफ करने की घोषणा की थी। नवंबर 2018 में तत्कालीन विधानसभा चुनावों में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सत्ता में आते ही कहा था कि 1 से 10 तक गिनती बोलूंगा तो किसानों का संपूर्ण कर्जा माफ हो जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कांग्रेस सरकार को उस समय 66 लाख किसानों का कर्ज माफ करने के लिए 99 हजार 996 करोड़ रुपए की आवश्यकता थी, लेकिन उस समय प्रदेश के 20 लाख किसानों का सिर्फ 14 हजार करोड़ रुपए का कर्जा माफ किया था, जिसमें भी पूर्ववर्ती सरकार के 6 हजार करोड़ रुपए शामिल थे।

---

**राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन ने की कार्रवाई**

## नमूने अमानक मिलने पर 10 दवाओं की आपूर्ति पर प्रतिबंध

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन ने विभिन्न 10 दवाओं के सैम्पल अमानक पाए जाने पर 08 कम्पनियों को इनकी आपूर्ति के लिए प्रतिबंधित किया है। आरएमएससी की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने बताया कि मै. अग्रोन रेमेडीज को कफ सिरप व क्लोरमफेनिकल आई ड्रॉप 0.5%, मै. अलायन्स बायोटेक को हाइड्रोकोर्टीसोन सोडियम इंजेक्शन, मै. एएनजी लाइफ साइंसेज को आर्टसुनेट इंजेक्शन, मै. लिनस लाइफ केयर को डोरजोलामाइड आई ड्रॉप 2%, मै. मैक्सवेल लाइफ साइंसेज को सालब्यूटामॉल



सिरप के नमूने अमानक पाए जाने पर दवाओं की आपूर्ति के लिए निश्चित अवधि के लिए प्रतिबंधित किया है। गिरि ने बताया कि मै. मेडीपोल फार्मास्यूटिकल को डोमपेरिडोन सस्पेंशन, मै. सॅमकेम को आयरन एंड फोलिक ऐसिड सिरप व लिक्विड पैराफिन तथा मै. स्कॉट एडिल को इट्राकोनाजोल कैप्सूल के नमूने अमानक पाए जाने पर दवाओं की आपूर्ति के लिए प्रतिबंधित किया गया है। प्रबंध निदेशक ने कहा कि मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना में दवाओं की खरीद एवं आपूर्ति के प्रबंधन को और सुदृढ़ बनाया जा रहा है। साथ ही दवाओं की गुणवत्ता पर भी विशेष फोकस किया जा रहा है।

## दोषियों की फांसी पर भाजयुमो का धन्यवाद

**जयपुर।** भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची ने भीलवाड़ा के कोटडी कांड में न्यायालय द्वारा दोषियों को फांसी की सजा सुनाने पर न्यायालय का धन्यवाद देते हुए फैसले को ऐतिहासिक बताया। चेची ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर आरोप लगाते हुए कहा कि आज न्यायालय के फैसले पर पूर्व सीएम गहलोत सोशल मीडिया के माध्यम से क्रेडिट लेने का प्रयास कर रहे हैं। गहलोत शायद यह भूल गए कि कोटडी कांड उनकी कांग्रेस सरकार के समय ही हुआ था। इस दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने सड़क से लेकर मुख्यमंत्री आवास तक का घेराव किया था। विरोध प्रदर्शन के दौरान गहलोत सरकार ने न्याय मांग रहे युवाओं पर लाठीचार्ज जैसी बर्बरता की, जिसके घाव अभी तक नहीं भरे। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को न्याय के बदले झूठे मुकदमों में फंसाया गया और उन्हे प्रताड़ित करने का काम किया गया। भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची ने कहा कि पूर्व सीएम गहलोत ने जयपुर के सीरियल बम ब्लास्ट मामले में आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में लचर पैरवी की, जिसके चलते 72 नागरिकों की हत्या के गुनहगार कोर्ट से बरी हो गए। वहीं गहलोत आज कोटड़ी कांड के दोषियों के खिलाफ न्यायालय के फैसले पर क्रेडिट लेने का प्रयास कर रहे हैं।

---

## खबरों में बेधड़क खबर



### प्रॉपर्टी की दलाली करने वालों पर गामा की नजर

शहर में जमीनों की खरीद-फरोख्त में बिचौलिए बनकर दलाली लेने वाले प्रॉपर्टी डीलरों पर गामा साहब नजर लगाए बैठे है। साहब की पोस्टिंग पिछली सरकार में बने एक नए थाने में है। जमीनी मामलों को लेकर साहब काफी उत्सुक रहते है। चर्चा है कि गामा साहब ने अपने इलाके में रहने वाले प्रॉपर्टी डीलरों की लिस्ट तैयार की है। उस लिस्ट के आधार पर गामा साहब खुद या फिर अपने एक अधीनस्थ से उनको फोन करके थाने पर बुलाते है। जब प्रॉपर्टी डीलर थाने पर आते है तो गामा उनसे कामकाज का लाइसेंस मांगने लग जाते है। जब प्रॉपर्टी डीलर साहब को प्रॉपर्टी के लिए कोई लाइसेंस नहीं होने की बात कहते तो साहब उनकी प्रोपर्टी की छानबीन करने लग जाते है। इसके खाकी में कई मायने निकाले जा रहे है। गामा की कार्यशैली बड़े साहब की डायरी में पहले से गड़बड़ाई हुई है

### रसूखात वाला है रंगदार

फायरिंग के मामले में दबोचे गए एक बदमाश को लेकर खाकी में एक चर्चा बनी हुई है। रंगदार ने एक साल पहले वारदात को अंजाम दिया था। लेकिन तब रंगदार की एक बड़े नेता के बेटे से अच्छा याराना था। ऐसे में नेताजी ने एक बड़े अफसर को बोलकर मामले को शांत कराया था और आरोपी आराम से फरारी काट रहा था। साहब के कहने पर आरोपी को तब से संजीवनी मिली हुई थी। लेकिन सत्ता बदलने के बाद जब यह मामला खाकी में होने वाली समीक्षा बैठक के दौरान सामने आया तो अफसर अलर्ट हो गए और बड़े साहब ने आरोपी को गिरफ्तारी करने के निर्देश दे डाले। तब आरोपी को दबोचने के लिए ब्रेवो साहब ने एक विशेष टीम बनाई और दबोच लिया। अब चर्चा है कि गिरफ्तारी तो पहले ही हो जाती है। लेकिन विदा हो चुके साहब ने ही अटका रखा था। अगर खाकी वाले आरोपी से गहनता से पूछताछ करे तो कब्जे करने के कई मामलों का खुलासा हो सकता है।

### खाकी की हॉट सीट पर फिर चर्चा

लोकसभा चुनावों के परिणाम के बाद खाकी में फिर बड़े अफसरों के तबादले होना तय है। इससे पहले प्रदेश की खाकी की सबसे एमआई रोड़ वाली हॉट सीट एक बार फिर से चर्चा में है। वैसे तो इनदिनों इस सीट पर तेज-तर्रार अफसर तैनात है। लेकिन उनके तबादला होने के अभी से कयास लगाने शुरू कर दिया है। लालकोठी वाली सात मंजिला भवन में बैठने वाले तीन आईपीएस अफसर इस सीट के लिए मजबूत दावेदार माने जा रहे है। क्योंकि तीनों साहब की दिल्ली से जयपुर तक अच्छी पकड़ है। वहीं चर्चा है कि एक साहब अपने खेमे के किसी अफसर को इस सीट पर सेट करने के लिए जद्दोजहद कर रहे है। क्योंकि साहब के इस सीट से कई स्वार्थ जुड़े हुए है। साहब ने इसकी रणनीति अभी से शुरू कर दी है। साहब की इस कार्यशैली को लेकर कई मायने निकाले जा रहे है।

### ब्याज माफिया को शिकंजे में लेने में दो दिन बाद ही पलटी मारी

ब्याज माफिया को शिकंजे में लेने के पहले दावे करके खाकी वालों ने दो दिन बाद ही पलटी मार दी। खाकी वालों के अचानक पलटने से कई मायने निकाले जा रहे है। चर्चा है कि एक पीड़ित किसान ने माफिया से रकम ब्याज पर ली थी। इसके बदले में ब्याज माफिया ने गिरवी के तौर पर नाममात्र की रकम देकर पॉवर अर्टोनी करवा ली थी। कुछ माह बाद जब किसान ने ब्याज माफिया से संपर्क किया तो उसने जमीन के दस्तावेज देने से मना कर दिया और खाकी हमारी होने की धमकी दे डाली। पीड़ित ने ब्याज माफिया की एक घंटे की रिकॉर्डिंग कर ली। ब्याजखोरी खाकी के नाम से धमका रहा है और परिवार का सुसाइड करने की नसीहत दे रहा है। तब पीड़ित का पुलिस ने परिवाद ले लिया और कार्रवाई करने के लिए आश्वत किया। लेकिन दो दिन बाद जब पीड़ित वापस थाने पर पहुंचा तो खाकी वालों ने मुकदमा दर्ज करने के बजाए उसको ही धमकाकर वापस भेज दिया। अब पीड़ित बड़े साहबों के पास चक्कर लगा रहा है। इस मामले की खाकी में इनदिनों काफी चर्चा बनी हुई है।

- ओमप्रकाश शर्मा, विशेष संवाददाता

---

**समीक्षा बैठक में सीएस के निर्देश**

## लंबित तथा प्रक्रियाधीन भर्तियों को शीघ्र करें पूरा

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कार्मिक विभाग के प्रमुख सचिव हेमंत कुमार गेरा के साथ विभिन्न विभागों में लंबित तथा प्रक्रियाधीन भर्तियों को लेकर समीक्षा बैठक की। मुख्य सचिव सोमवार को शासन सचिवालय में कार्मिक विभाग की बैठक ले रहे थे।

इस दौरान उन्होंने विभागवार लंबित, प्रक्रियाधीन और न्यायालय में वाद लंबित भर्तियों की स्थिति जानी और निर्देश दिए कि राजस्थान लोक सेवा आयोग, राज्य कर्मचारी चयन बोर्ड साथ ही स्वायत शासन विभाग, स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा



विभाग के साथ विभिन्न विभागों में लंबित भर्तियों को जल्द से जल्द पूर्ण करें।

पंत ने आरपीएससी और आरएसएमएसएसबी को और अधिक सशक्त करने के भी निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग में भर्तियों की समस्या को लेकर पंत ने विभाग को हिदायत देते हुए कहा कि जल्द कारगर कार्यवाई करें और लंबित भर्ती प्रक्रिया को अतिशीघ्र पूर्ण करें।

**चार अधीक्षण अभियंता को कारण बताओ नोटिस**

# समर कंटीजेंसी के कार्यों को 31 मई तक करें पूर्ण

**बेधड़क** | जयपुर

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य अभियंता सहित अधीक्षण एवं अधिशाषी अभियंताओं के साथ समर कंटीजेंसी प्लान एवं जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।

डॉ. समित शर्मा ने समर कंटीजेंसी के तहत स्वीकृत कार्यों में शून्य प्रगति वाले चार जिलों के अधीक्षण अभियंताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अधीक्षण अभियंता



सवाई माधोपुर कैलाश चंद मीना, अधीक्षण अभियंता बांसवाड़ा अशोक चावला, अशोक चावला, अधीक्षण अभियंता धौलपुर मुकेश गर्ग एवं अधीक्षण अभियंता गंगापुर सिटी रामकेश मीना को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निदेश दिए। बार-बार वीडियो कॉन्फ्रेंस में निर्देश दिए जाने के बावजूद भी प्रगति नहीं आने पर उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इन जिलों में समर कंटीन्जेंसीज कार्यों में प्रगति नहीं लाई जाती है तो संबंधित जिलों के अतिरिक्त मुख्य अभियंता को कारण बताओं नोटिस जारी किया जाएगा। समित शर्मा ने कहा कि समर कंटीजेंसी के तहत स्वीकृत कार्यों को 31 मई तक हर-हालात में पूरा करें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं कि जाएगी। जल जीवन मिशन के 14 की परफॉर्मन्स इंडिकेटर्स के आधार पर तैयार की गई रिपोर्ट कार्ड में सबसे पिछड़े जिले के अधीक्षण अभियंता डूंगरपुर अनिल कछावा, अधीक्षण अभियंता जयपुर ग्रामीण आनंद प्रकाश, अधीक्षण अभियंता नीमकाथाना दलीप तारंग, अधीक्षण अभियंता सांचौर पृथ्वी सिंह गुर्जर एवं अधीक्षण अभियंता बांसवाड़ा अशोक चावला को भी कारण बताओ नोटिस किया गया है।

### स्वीकृत कार्यों की धरातल पर हो मॉनिटरिंग

ग्रीष्म काल में पेयजल से संबंधित किसी भी तरह की किल्लत नहीं आए, इसके लिए स्वीकृत कार्यों का धरातल पर अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाये कि किए जा रहे कार्य गुणवत्ता पूर्ण हों। उन्होंने भरतपुर संभाग के अधीन आने वाले जिलों में समर कंटीन्जेंसी के तहत स्वीकृत कार्यों की प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि मिशन मोड़ पर सभी कार्यों को पूरा किया जाए।

### हैंड पंप एवं नलकूप समय से हों स्थापित

शासन सचिव समित शर्मा ने कहा कि ग्रीष्मकाल में पेयजल की किल्ल्त नहीं हो, इसके लिए स्वीकृत कार्यों कों जल्द पूरा किया जाए। साथ ही हैण्ड पंप एवं नलकूप समय से स्थापित किए जाएं, जिससे आमजन को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि बिजली कनेक्शन के कारण जो नलकूप अभी तक चालू नहीं हुए हैं उन्हें चालू करवाने के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों से समन्वय कर 31 मई तक प्रारम्भ कराया जाए। उन्होंने कहा कि किसी जिले को हैडपम्प एवं ट्यूबवैल ड्रिलिंग मशीन की जरूरत है।

## जरूरी खबर

### कठपुतली निर्माण के लिए 21 से भरे जाएंगे आवेदन



**जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र की ओर से आयोजित जूनियर समर प्रोग्राम (कैंप) के अंतर्गत 30 मई से 13 जून तक कठपुतली निर्माण एवं संचालन की कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। इसमें 8 से 20 वर्ष के प्रतिभागी शामिल हो सकेंगे। 21 मई से गूगल फॉर्म के जरिए आवेदन कर सकते हैं। इस कक्षा में पारंपरिक एवं मॉडर्न पपेट बनाने के साथ उनके जरिए कहानी मंचन करना सिखाया जाएग। इन पपेट्स के साथ नई कहानी तैयार कर अंत में उसका मंचन भी किया जाएगा। समर प्रोग्राम में बच्चों को विभिन्न कलात्मक विधाओं की बारीकियां सीखने को मिल रही है और व्यक्तित्व का विकास में सहायता मिल रही है। कैम्प में अलग-अलग आयु वर्ग के 500 से अधिक बच्चे 16 कला विधाओं का प्रशिक्षण ले रहे हैं।

### यूट्यूब से सीखी चैन स्नेचिंग और बचने का तरीका

**जयपुर।** मुहाना थाना पुलिस ने एक शातिर चैन स्नैचर को गिरफ्तार किया है शहर में स्नैचिंग की 100 से अधिक वारदात कर चुका है। उसने वारदात करने और बचने का तरीका यूट्यूब पर वीडियो देखकर सीखा। पुलिस ने आरोपी को बापर्दा गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जेल में शिनाख्त परेड होने के बाद आरोपी को रिमांड पर लाया जाएगा। डीसीपी साउथ दिगंत आनंद ने बताया 10 मई को दोपहर सवा 12 बजे स्कूटी सवार लुटेरों ने स्कूटी सवार महिला की चैन लूट ली थी। इसके बाद मुहाना थाने के सीआई मदन लाल कड़वासरा के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों की टीम गठन किया गया। टीम ने 100 से अधिक कैमरों की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी राहुल लुहाडिया उर्फ राहुल जैन को डिटेन कर गिरफ्तार किया।

**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने फैक्ट्री में मारा छापा, कलर के पैकेट और अन्य मिलावटी चीजें बरामद

# खराब तेल और मिर्ची के डंठल पीसकर मिला रहे थे मसालों में

**बेधड़क** | जयपुर

विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र (वीकेआई) में एक फैक्ट्री में मसालों में मिर्ची के डंठल पीसकर मिलाया जा रहा था। खराब तेल मिलाने के साथ ही उनको कलर से चमकाया जा रहा था। यह सब सामने आया जब मसाला बनाने वाली फैक्ट्री पर फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने छापा मारा। टीम ने मौके से कलर के पैकेट और अन्य मिलावटी चीजें बरामद की है।

खाद्य सुरक्षा विभाग के अति आयुक्त पंकज ओझा के नेतृत्व में वीकेआई रोड नं. 9 पर संचालित मसाला फैक्ट्री वर्ष एंटरप्राइजेज पर छापा मारा गया। इस दौरान टीम में रतन गोदारा, अमित शर्मा, पवन गुप्ता, नरेंद्र शर्मा मौजूद रहे। यहां से हजारों किलोग्राम मिर्च, धनिया और हल्दी पीसी हुई मिली।



### कलर से बना रहे थे 'रंगदार'

फैक्ट्री में जांच की तो देखा मिर्च और धनिया में मिर्ची के डंठल पीसकर मिलाए जा रहे थे। मिर्ची में खाने वाला लाल कलर मिलाया जा रहा था, ताकि दिखने में मिर्ची ज्यादा लाल दिख सके। इसके अलावा खराब तेल भी पिसाई के दौरान मसालों में डाला जा रहा है।

### 19 हजार किलो स्टॉक मिला

फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने बताया- फैक्ट्री में 19,265 किलोग्राम मसाले की खेप रखी है। यहीं से व्यापारी और आमजन मसाले खुले लेकर जाते हैं। फैक्ट्री मुजाहिदा बैगम की बताई जा रही है। बाजार में ये रज्जाक मसाले वाले के नाम से बिकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि मसालों के सैंपल, कलर, तेल के सैंपल लिए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए लैब भिजवाया जाएगा। साथ ही पूरे स्टॉक की गणना की जा रही है।

डियोरा क्लब की घटना, विधायकपुरी थाने में नामजद FIR दर्ज

# खाचरियावास के भतीजे ने की क्लब में तोड़फोड़, गार्डों को पीटा

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर शहर के पॉश इलाके में स्थित डियोरा क्लब में पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के भतीजे हर्ष ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर रविवार देर रात जमकर तोड़फोड़ करने के साथ ही सिक्योरिटी गार्ड, महिला गार्ड के साथ मारपीट भी की।

क्लब मैनेजर ने क्लब में हुई इस घटना का सीसीटीवी फुटेज पुलिस को दिया और हर्ष और उसके साथ आए लोगों के खिलाफ शिकायत दी है। विधायकपुरी थाना पुलिस ने क्लब मैनेजर की शिकायत और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हर्ष समेत 9 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने पीड़ितों का मेडिकल कराया है। मामले में एससी-एसटी की धारा लगने पर जांच एसीपी अशोक नगर बालाराम चौधरी को दी गई है।

एसीपी बालाराम चौधरी ने बताया कि क्लब के बाउंसर संदीप मौर्य का आरोप है कि वह और उसकी साथी खुसमा डियोरा क्लब में सिक्योरिटी बाउंसर का काम करते हैं। रात 12:30 बजे हर्ष, जीतू चोपड़ा, मौगी के साथ अंकित, हनी ठाकुर, सलमान, आशीष शर्मा, विश्वदीप सिंह, अभिषेक शर्मा समेत 10-15 लोग क्लब में आए। ये लोग सिक्योरिटी मैनेजर प्रताप सिंह के साथ मारपीट करने के लिए आए थे। लोगों ने क्लब में रखे सामान में तोड़फोड़ की। इस दौरान उसके और उसके छोटे भाई प्रदीप के साथ ही क्लब में महिला सिक्योरिटी गार्ड खुसमा और अन्य बाउंसर के साथ भी मारपीट की। बदमाशों ने सिक्योरिटी मैनेजर प्रताप सिंह के साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।



### खाचरियावास बोले- भतीजे का कोई लेना-देना नहीं

पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास का कहना है कि उनके भतीजे का इस घटना से कोई लेना-देना नहीं है। भतीजा वीडियो में भी नहीं दिख रहा है। पुलिस ने पूरी जांच पड़ताल नहीं की। भतीजे का कोई रोल नहीं है।

### पहले भी कर चुका तोड़फोड़



पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के भतीजे हर्षदीप सिंह खाचरियावास ने कुछ माह पहले काउंटी इन होटल में भी तोड़फोड़ कर संचालक के साथ में मारपीट की थी। घटना जयपुर के पॉश इलाके वैशाली नगर की थी। होटल मालिक अभिमन्यु सिंह के पिता भवानी सिंह ने वैशाली नगर थाना में हर्षदीप सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी।



### गाड़ियों में तोड़फोड़ करने का भी मुकदमा

डियोरा क्लब में तोड़फोड़ और मारपीट के दौरान बीच बचाव करने वाले कार्तिक राठौड़ को आरोपियों ने धमकियां दी। इसके बाद देर रात को खातीपुरा में कार्तिक के घर तक पहुंच गए। इन लोगों ने घर के बाहर खड़ी गाड़ियों में भी जमकर तोड़फोड़ की। पीड़ित कार्तिक ने इसको लेकर वैशाली नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जयपुर समेत 5 जिलों से होगी शुरुआत

# राशन की दुकान पर मिलेंगे 'छोटू' सिलेंडर



**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में राशन की दुकानों पर दो और पांच किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर बेचे जाएंगे। इसके लिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को एक प्रस्ताव भेजा है। इस पर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने सभी जिला रसद अधिकारियों को पत्र लिखकर उनके यहां संचालित दुकानों के संचालकों से प्रस्ताव मांगे हैं।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के उपायुक्त आशीष कुमार ने बताया- राशन डीलरों को इन सिलेंडर की बिक्री पर कमिशन मिलेगा। 5 किलो एलपीजी सिलेंडर के लिए 31 रुपए और 18 प्रतिशत जीएसटी कुल 36.58 रुपए, जबकि 2 किलो सिलेंडर के लिए 15 रुपए और 18 प्रतिशत जीएसटी कुल 17.70 रुपए कमीशन दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर इसकी शुरुआत जयपुर, जोधपुर, कोटा, उदयपुर और सीकर से करेंगे। एक राशन डीलर अधिकतम 100 किलो एलपीजी का स्टॉक रख सकेगा। या तो वह 5 किलो ग्राम के 20 सिलेंडर या 2 किलो ग्राम के 50 सिलेंडर का भंडारण कर सकेगा। इस योजना से छोटे-बड़े शहरों से काम की तलाश में आने वाले श्रमिकों और पढ़ने के लिए आने वाले स्टूडेंट्स को फायदा मिलेगा। ये सिलेंडर कोई भी सरकारी आईडी कार्ड दिखाकर ले सकेंगे। इसके लिए कनेक्शन लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

11 जुलाई तक होगा 18 फ्लाइट्स का संचालन

## आज से मदीना की उड़ान भरेंगे हजयात्री

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान के हज यात्रियों का लंबा इंतजार मंगलवार को खत्म हो जाएगा। जयपुर के एयरपोर्ट से 21 से 27 मई तक मदीना के लिए लगभग 4000 हज यात्री उड़ान भरेंगे। इस बार मई महीने में सीधे मदीना के लिए 9 फ्लाइट का डिपार्चर प्रस्तावित है। वहीं, जुलाई महीने में जेद्दाह से 9 फ्लाइट का अराइवल निर्धारित है। इस साल भी 21 मई से 11 जुलाई तक हज फ्लाइट्स का संचालन जयपुर एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 से किया जाएगा। इस दौरान हज यात्रियों के लिए 433 यात्रियों की क्षमता वाले कोड-ई एयरक्राफ्ट का इस्तेमाल किया जाएगा। मंगलवार, गुरुवार, शनिवार, रविवार और सोमवार को जयपुर से मदीना के लिए एक उड़ान प्रतिदिन प्रस्तावित है, जबकि बुधवार और शुक्रवार को प्रतिदिन दो उड़ाने निर्धारित हैं। इसी तरह 4 से 11 जुलाई के बीच हज से वापसी की फ्लाइट संचालित होगी। इस अवधि के दौरान, जेद्दाह से प्रतिदिन एक उड़ान जयपुर हवाई अड्डे पर उतरेगी और रविवार को दो आगमन निर्धारित हैं। टर्मिनल 1 पर भी यात्रियों के पानी और खान-पान की व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था के साथ ही महिला और पुरुष यात्रियों के लिए अलग से नमाज अदा करने की व्यवस्था की गई है।



हेरिटेज निगम ने कार्रवाई में 10 ट्रक सामान किया जब्त

## घाटगेट से रामगंज तक सड़क से हटाया अतिक्रमण

**बेधड़क** | जयपुर

नगर निगम हेरिटेज के सतर्कता दस्ते ने सोमवार को आदर्श नगर जोन के रामगंज इलाके में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। घाटगेट से रामगंज तक सड़क से अतिक्रमण हटाकर 10 ट्रक सामान किया जब्त।

इस दौरान निगम की कार्रवाई के खिलाफ स्थानीय व्यापारियों ने हल्का विरोध भी किया। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने समझाइश कर मामला शांत करवाया। जयपुर नगर निगम हेरिटेज के सतर्कता शाखा के उपायुक्त पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि पिछले लंबे वक्त से रामगंज इलाके में अतिक्रमण की शिकायत मिल रही थी। इस पर सोमवार को नगर निगम की टीम ने पुलिस के साथ मिलकर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। कार्रवाई की शुरुआत घाट गेट से हुई। इस दौरान टीम ने सड़क के दोनों और अवैध तरीके से लगे थड़ी और ठेलों को हटाने के साथ ही दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को खाली करवाया। साथ ही लंबे वक्त से सड़क पर खड़े वाहनों को भी जब्त किया, ताकि इस पूरे मार्ग पर यातायात की व्यवस्था सुगम और सुचारू रह सके। राठौड़ ने कहा कि अवैध अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम की यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।



ट्रेनी एसआई की जमानत याचिका खारिज

# पेपर लीक मामले में आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत

**बेधड़क** | जयपुर

सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा-2021 के पेपर लीक मामले में आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली।

सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताकर जमानत दिए जाने की गुहार लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने सुरेंद्र कुमार, नरेश कुमार और राजेश्वरी समेत 12 आरोपियों की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए निर्देश दिए।

याचिका में आरोपियों ने संविधान के अनुच्छेद 32 के प्रावधानों के आधार पर उनको रिहा करने की गुहार लगाई थी। इसके जवाब में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और एएजी शिवमंगल शर्मा ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि संविधान के इस प्रावधान के तहत आरोपियों को अंतरिम जमानत नहीं मिल सकती, क्योंकि वे पहले ही ट्रायल कोर्ट में जमानत की याचिकाएं दायर कर चुके थे।

वहां पर उनकी जमानत याचिका खारिज हो चुकी है। इसलिए संविधान के प्रावधानों के अनुसार वे रिहाई के अधिकारी नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनकर आरोपियों की गुहार नहीं मानी।

इस पर आरोपियों ने याचिका को वापस ले लिया और उस आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने उसे खारिज कर दिया।



### राज्य सरकार से मांगा जवाब

वहीं, हाईकोर्ट के 8 मई के आदेश को चुनौती देने वाली आरोपियों की एसएलपी पर कोर्ट ने 15 जुलाई तक राज्य सरकार को जवाब देने के लिए कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्देश आरोपी सुभाष बिश्नोई, अभिषेक बिश्नोई, राकेश व मनीष बेनीवाल की एसएलपी पर दिया। आरोपियों ने एसएलपी में हाईकोर्ट के 8 मई के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें सीएमएम कोर्ट के 11 ट्रेनी एसआई और कॉन्स्टेबल को जमानत पर रिहा करने के आदेश को रद्द कर दिया था। वहीं, हाईकोर्ट ने डीजीपी को कहा था कि वे आरोपियों की अवैध हिरासत की जांच कर अपनी रिपोर्ट 15 दिन में ट्रायल कोर्ट में पेश करें। ट्रायल कोर्ट आरोपियों की अवैध हिरासत के संबंध में दी गई डीजीपी की रिपोर्ट के आधार पर उनकी अवैध हिरासत का बिंदू तय करे।

### सीएमएम कोर्ट ने आरोपियों को दी थी जमानत

जयपुर मेट्रो-द्वितीय की सीएमएम कोर्ट ने आरोपियों को एसओजी की तरफ से गिरफ्तार करने के 24 घंटे बाद पेश करने को उल्लंघन माना था। कोर्ट ने माना था कि एसओजी ने आरोपियों को अवैध हिरासत में रखा है। इस पर कोर्ट ने गिरफ्तार ट्रेनी एसआई हरखू, मंजू, सुरेंद्र कुमार, जयराज सिंह, सुभाष, दिनेश, चेतन सिंह, मालाराम, राकेश, दिनेश, चेतन सिंह, मालाराम,राकेश, अजय, मनीष और कॉन्स्टेबल अभिषेक को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए थे।

**जरूरी खबर**

## मिलावट की आशंका पर 18 किलो घी जब्त



**सीकर।** चिकित्सा विभाग की ओर से शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत सोमवार को विभाग की टीम ने सीकर शहर में कार्रवाई की और मिलावट की आशंका पर 18 किलोग्राम घी जब्त किया। इसके अलावा मसालों व मावा का सैम्पल लिया। सीएमएचओ डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि सोमवार को विभाग के एफएसओ मदनलाल बाजिया, महमूद अली, नंदराम मीणा ने सीकर शहर में कार्रवाई कर आशुतोष मार्केटिंग सीकर के यहां से श्री सरस ब्राण्ड के घी के दो सैम्पल लिए। वहीं मिलावट की आशंका पर 18 किलो श्री सरस घी जब्त किया।

## सड़क सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक आज

**चूरू।** जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी की अध्यक्षता में मंगलवार को सवेरे 10 बजे जिला कलक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। जिला परिवहन अधिकारी ओमसिंह शेखावत ने बताया कि बैठक में अवैध वाहनों के संचालन पर रोकथाम, जिले में ब्लेक स्पॉट निर्धारण कर कार्यवाही, शहरी यातायात व्यवस्था में सुधार व यातायात नियमों के प्रचार-प्रसार, सरदारशहर -रतनगढ़ मेगा हाइवे पर दुर्घटनाओं व हादसों की रोकथाम आदि बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी।

## 6 साल से फरार दुष्कर्म मामले के आरोपी को पकड़ा



**चूरू।** जिले की महिला थाना पुलिस की टीम ने सौतेली नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म के मामले में 6 साल से फरार आरोपी शालीभद्र पुत्र पारसमल (38) निवासी प्रताप की पोल वार्ड नंबर 5 बाड़मेर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी पर 5 हजार का इनाम घोषित है। एसपी जय यादव ने बताया कि घटना के संबंध में 28 अगस्त 2018 को चूरू निवासी परिवादी ने एक लिखित रिपोर्ट दी थी कि उसकी 13 वर्षीय नाबालिग भांजी के साथ सौतले पिता ने दुष्कर्म किया। इस पर रिपोर्ट दर्ज कर आईपीसी व पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू की गई। इसके बाद अब आरोपी को बाड़मेर से दस्तयाब किया गया। कोर्ट चूरू में पेश किया गया।

**महंत शोभानंद भारती परमहंस मौनी बाबा के सान्निध्य में चल रहे महायज्ञ का समापन आज**

# 45 डिग्री में भी आस्था, 2100 कुंडीय महायज्ञ में दे रहे आहूति

**बेधड़क** | अलवर

जिले के लक्ष्मणगढ तहसील के गांव जावली में 21 बीघा भूमि पर 2100 कुंडीय रूद्र महायज्ञ चल रहा है। इसमें हर दिन 2500 पंडितों और 4200 यजमान हवन में वैदिक मंत्रों के साथ आहूतियां दे रहे हैं। यज्ञ के प्रति लोगों में ऐसी आस्था है कि 45 डिग्री तापमान में भी बरसती गर्मी भी बेअसर दिखाई पड़ रही है।

दरअसल जावली गांव में इन दिनों आस्था की बयार का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि भीषण गर्मी के बावजूद आसपास के 250 गांवों के 15 से 20 हजार लोग हर रोज यहां धर्ममय कार्यों में जुटे हैं। अवसर है महंत शोभानंद भारती परमहंस मौनी बाबा के सानिध्य में 10 से 21 मई तक आयोजित किए जा रहे 2100 कुंडीय रूद्र महायज्ञ, शिव महापुराण, कृष्ण लीला एवं संत प्रवचन का। महायज्ञ के समापन पर 21 मई को यहां भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें लाखों लोगों के शामिल होने का अनुमान है। इससे पूर्व गत 30 अप्रेल को 10 हजार महिलाएं चार किलोमीटर लंबी कलश यात्रा निकाल चुकी हैं।



### 15-20 हजार लोगों की बनती प्रसादी

महायज्ञ में सेवा दे रहे ग्रामीण मुकेश ने बताया कि जावली गांव में सुबह 7 बजे से वैदिक मंत्रों की गूंज सुनाई देने लगती है, जो देर रात तक जारी रहती है। यहां अयोध्या, प्रयागराज एवं अन्य धार्मिक नगरियों से आए 8 से 40 साल तक के शास्त्री व संत यज्ञ में मंत्रोच्चार करते दिखाई पड़ते हैं। प्रतिदिन 15 से 20 हजार लोगों की भोजन प्रसादी तैयार होती है। इसके लिए 250 गांवों से रोज दान आ रहा है। महायज्ञ में अब तक कई हजार क्विंटल अनाज दान में आ चुका है।

### लगती हजारों क्विंटल हवन सामग्री

इस 2100 कुंडीय रूद्र महायज्ञ में करीब 6300 किलोग्राम हवन सामग्री, 2100 किलोग्राम देसी घी, 2100 किलोग्राम धूप एवं 700 किलोग्राम तिल का उपयोग होगा। महायज्ञ के लिए पिछले चार महीनों से बड़े स्तर पर तैयारी की गई थी। ग्रामीण कुलदीप ने बताया कि दूर से देखने पर यह 2100 महा कुंडीय यज्ञ झोपड़ियां का गांव जैसा लगता है। दूर से यह नजारा काफी अद्भुत दिखाई देता है। लोग दूर-दूर से इसे देखने के लिए भी आ रहे हैं।

### 6 साल से महंत शोभानाथ भारती ने रख रखा है मौन व्रत

महंत शोभानाथ भारती परमहंस मौनी बाबा का जन्म दौसा जिले के उलपुरा गांव में हुआ, लेकिन उनका बचपन ननिहाल जावली में बीता। महंत शोभानाथ भारती 6 साल से मौन व्रत धारण किए हुए हैं। वे अपने भक्तों के सवालों का जवाब भी कागज पर लिखकर ही देते हैं। उन्होंने बचपन में ननिहाल में रहते ही संन्यास की राह चुनी। जावली गांव से जुड़ाव के चलते ही मौनी बाबा यहां 2100 कुंडीय रूद्र महायज्ञ का आयोजन करा रहे हैं। हालांकि वे पूर्व में फतेहपुर सीकरी के पास जग्गो का नंगला में अपने गुरू राजा भारती परमहंस के सानिध्य में 1100 कुंडीय महायज्ञ भी करा चुके हैं।


**खाटूश्यामजी के दर्शन करने जा रहा था परिवार, 8 लोग घायल**

# बस ने कार को मारी टक्कर आर्मी जवान व पत्नी की मौत

**बेधड़क । रींगस (सीकर)**

नेशनल हाईवे-52 पर परसरामपुरा सरगोठ के पास सोमवार सुबह खाटूश्यामजी के दर्शन करने जा रहे परिवार की कार को पीछे से बस ने टक्कर मार दी। अनियंत्रित हुई कार डिवाइडर कूदकर सामने से आ रहे ट्रैक्टर से टकरा गई। हादसे में कार सवार आर्मी के जवान और उनकी पत्नी की मौत हो गई। छह बच्चों समेत परिवार के आठ लोग घायल हो गए। ड्राइवर बस को लेकर फरार हो गया। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू करवाया। बताया जा रहा है कि बस कार को ओवरटेक कर रही थी। इस दौरान हादसा हो गया। आर्मी जवान परिवार में शादी समारोह में शामिल होने लिए चार दिन पहले ही छुट्टी लेकर घर आए थे।





### चार दिन पहले ही घर आया था रामबाबू

रामबाबू के परिवार में 22 मई को शादी है। शादी समारोह में शामिल होने के लिए चार दिन पहले ही रामबाबू घर आए थे। वे अपने और बहन के परिवार को लेकर खाटूश्यामजी दर्शन के लिए जा रहे थे। इस दौरान हादसा हो गया। रामबाबू के पिता की छह माह पहले हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। रामबाबू साल 2016 में इंडियन आर्मी की 18 कुमाऊं रेजिमेंट में राइफलमैन के पद पर भर्ती हुए थे। अभी जम्मू में तैनात थे। उनकी चार साल पहले सरोज देवी शादी हुई थी।

### बस की टक्कर से कार ट्रैक्टर से टकराई

रींगस थाना हेड कॉन्स्टेबल नागर मल सैनी ने बताया कि रीको मोड़ पर स्लीपर बस की टक्कर से कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर कूदकर सामने आ रहे ट्रैक्टर से टकरा गई। कार में सवार अणतपुरा, गोविंदगढ़ (जयपुर) निवासी रामबाबू यादव (25) पुत्र चौथमल यादव, उनकी पत्नी सरोज देवी (24) और ढाई साल का बेटा कुणाल यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। रामबाबू की भतीजी कोमल यादव (13) पुत्री जितेंद्र, भतीजा दिव्यांशु यादव (9) पुत्र जितेंद्र, भतीजा कृष्ण यादव (5) पुत्र रोहिताश, भानजा दक्ष यादव (7) पुत्र फूलचंद यादव निवासी हस्तेड़ा नौपुरा, ताऊ की बेटी अनिता देवी (25) पत्नी फूलचंद, भानजी गुन्नू उर्फ पल्लवी (2) पुत्र फूलचंद और भानजा अमित यादव (7) पुत्र फूलचंद भी गंभीर घायल हो गए। सभी घायलों को कार से निकालकर एंबुलेंस से रींगस जेडी हॉस्पिटल लेकर गए, जहां डॉक्टर ने आर्मी के जवान रामबाबू यादव को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों की हालत गंभीर होने पर जयपुर रेफर किया गया। जयपुर ले जाते समय रास्ते में रामबाबू की पत्नी सरोज देवी ने भी दम तोड़ दिया। पति-पत्नी के शव रींगस CHC में रखवाए गए हैं। क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर और कार को पुलिस थाने में लाकर खड़ा कर दिया।

**कहा...खदान में नई टेक्नोलॉजी लगाई जाएगी, जिससे ऐसे हादसे दुबारा ना हों**

# कोलिहान खदान हादसे की जांच शुरू, जांच के लिए पहुंचे सीएमडी



**बेधड़क** | खेतड़ी

कोलिहान खदान में हुए हादसे की जांच को लेकर जांच का सिलसिला जारी है। अब हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के अधिकारी खेतड़ी पहुंचे हैं। सोमवार को कंपनी के सीएमडी खदान हादसे की जांच करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पहले से चल रही जांच की जानकारी ली और स्थिति का जायजा लिया।

सीएमडी घनश्याम शर्मा ने बताया कि हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की कोलिहान खदान सबसे सुरक्षित खदान मानी जाती थी, लेकिन इस हादसे को लेकर हर कोई आश्चर्य चकित है। सीएमडी घनश्याम शर्मा ने बताया कि लिफ्ट में आई तकनीकी खामी को लेकर बारीकी से जांच की जा रही है। इसमें मिलने वाली कमियों को दुरुस्त कर आगामी समय में नई तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे भविष्य में इस प्रकार के हादसे की पुनरावृत्ति ना हो। खदान में हादसे के दौरान सिग्नल का सही तरीके से काम नहीं करने की बात भी सामने आई है, जो घटना की सबसे बड़ी कड़ी मानी जा रही है। ऐसे में सिग्नल मैन, बाइंडर ऑपरेटर समेत कई कर्मचारियों से इस हादसे की जानकारी ली जा रही है। साथ ही डीजीएमएस धनबाद से सुरक्षा की टीम भी बारीकी से हादसे की जांच कर रही है। बता दें कि 14 मई को 1875 फीट गहरी खदान में गिरने से विजिलेंस अधिकारी उपेंद्र कुमार पांडे की मौत हो गई थी, जबकि 14 अन्य अधिकारी घायल हो गए थे। घनश्याम शर्मा ने बताया कि हादसे का शिकार हुए विजिलेंस अधिकारी उपेंद्र कुमार के परिवार को एचसीएल की ओर से 10.70 लाख रुपए की आर्थिक सहायता मुहैया करवाई गई है। साथ ही आर्थिक सहयोग जारी है।

**करौली जिले में थाना सपोटरा पुलिस की कार्रवाई**

# सात साइबर ठगों को किया गिरफ्तार, 12 स्मार्टफोन जब्त

**बेधड़क** | करौली

थाना सपोटरा पुलिस की टीम ने जाखौदा रोड़ पुलिया के पास साइबर ठगी की वारदात के लिए चैट व बातचीत कर रहे सात साइबर ठगों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त 12 मोबाइल जब्त किए हैं। गिरफ्तार आरोपी सोशल मीडिया पर अश्लील चैट, मैसेज, वीडियो भेज व अन्य तरीकों से सेक्सटॉर्शन कर ठगी किया करते थे।

एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपी धारा सिंह मीना पुत्र



रघुवीर (26), टीकाराम मीना पुत्र भरत लाल (23), लव कुश मीना पुत्र कमलेश (20), भूर सिंह मीना पुत्र कमलेश (21), सोनू मीना पुत्र मंटू (20), सौरभ मीना पुत्र जगदीश एवं दीपक मीना पुत्र हेमराज (19) रानीपुरा गांव के रहने वाले हैं। एसएचओ अनिल कुमार गौतम एवं एएसआई भवानी सिंह मय टीम के जाखौदा रोड पुलिया पर पहुंचे। जहां 7 व्यक्ति मोबाइल पर चैट व बातचीत करते हुए दिखाई दिए। इनके पास मिले स्मार्टफोन को पुलिस ने चैक किया तो फर्जी व्हाट्सएप पर फेसबुक अकाउंट से संपर्क कर अश्लील चैट, मैसेज, अश्लील वीडियो भेज एवं अन्य तरीकों से सेक्सटॉर्शन कर ठगी करना व दूसरे के नाम पते की फर्जी सिम व बैंक अकाउंट में ठगी के रुपए डलवाना पाया गया। गिरफ्तार आरोपियों पर आईपीसी व आईटी एक्ट में मुकदमा किया गया।

**साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर के निर्देश**

# बिजली-पानी पर विशेष ध्यान दे अधिकारी

**बेधड़क** | सीकर

अतिरिक्त जिला कलेक्टर रणजीत सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में सम्पर्क पोर्टल पर विभिन्न विभागों के लम्बित प्रकरणों, स्टार मार्क प्रकरणों, शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, पेयजल, विद्युत की वर्तमान स्थिति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बताया कि कोविडकाल के दौरान जो 171 सिलेण्डर लिए गए थे उनमें से 89 सिलेण्डर लोटा दिए गये है। शेष सिलेण्डर की रिपोर्ट भिजवाया



जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जल जीवन मिशन योजना में पेयजल विहीन विद्यालयों, आंगनबाडी केन्द्रों में पेयजल कनेक्शन एसई पीएचईडी को तथा जेतूसर, खण्डेला में पेयजल कनेक्शन कर पेयजल समस्या का समाधान करने तथा मीडिया में विद्युत, पेयजल, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों की प्रकाशित होने वाले खबरों की तथ्यात्मक रिपोर्ट समाचार पत्रों में खण्डन करवाने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव के निर्देशों की पालना में सरकारी अधिकारी कार्यक्रमों में साफा, गुलदस्ता, माला नहीं पहने तथा प्रोटोकॉल की पालना करें, साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन काल में एक पेड जरूर लगावें तथा उसकी देखभाल, संरक्षण की जिम्मेदारी भी लेवें।

बैठक में प्रशिक्षणाधीन आईएएस कृष्णा सांई, आईपीएस शाहीन, सीएमएचओ सीकर डॉ.निर्मल सिंह, नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा, विद्युत, पेयजल,पीडब्ल्यूडी, चिकित्सा, शिक्षा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

**जोधपुर आईआईटी के निदेशक प्रोफेसर अविनाश कुमार अग्रवाल बोले**

# अगले 50 वर्षों तक देश को गौरवान्वित करे ऐसी तकनीक विकसित हो

**बेधड़क** | जोधपुर

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर ने भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के सहयोग से भारत के पहले परमाणु परीक्षण, पोखरण-I की 50वीं वर्षगांठ मनाई। जो देश की वैज्ञानिक और तकनीकी उपलब्धि है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में परमाणु विज्ञान के ऐतिहासिक और समकालीन महत्व पर प्रकाश डाला।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर के निदेशक प्रो. अविनाश कुमार अग्रवाल ने पोखरण-I परमाणु परीक्षण का एक व्यावहारिक अवलोकन दिया। पोखरण-I के स्वर्ण जयंती



समारोह के दौरान, प्रोफेसर अविनाश कुमार अग्रवाल ने 18 मई, 1964 के महत्वपूर्ण दिन पर टिप्पणी की, जब भारत को एक परमाणु शक्ति के रूप में मान्यता दी गई थी। उन्होंने होमी जहांगीर भाभा के मूलभूत योगदान और टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च की स्थापना पर प्रकाश डाला। मिशन ने परमाणु प्रौद्योगिकी के शांतिपूर्ण उपयोग पर ध्यान केंद्रित किया, हालांकि डॉ. भाभा ने परमाणु हथियार विकसित करने की भी वकालत की।

पड़ौसी देशों के दुश्मनीपूर्वक रवैये के साथ कठिन दौर और 1962 की हार के बावजूद, भारत का परमाणु कार्यक्रम जारी रहा, जिसके परिणामस्वरूप कनाडा के सहयोग और प्लूटोनियम समझौते के साथ ट्रॉम्बे में पहले परमाणु रिएक्टर का निर्माण हुआ। निदेशक ने प्रौद्योगिकीविदों और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान से अपनी ऊर्जा का उपयोग करने और ऐसी तकनीक विकसित करने का आह्वान किया जो अगले 50 वर्षों तक देश को गौरवान्वित करे, पोखरण की भूमि का जश्न मनाएं जहां पहला परमाणु परीक्षण किया गया था।

### विज्ञान अकादमी के बारे में दी जानकारी

भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के प्रकाशन विभाग के उपाध्यक्ष डॉ. वीएम तिवारी ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने 1974 की इस उपलब्धि पर उपस्थित लोगों को बधाई दी और भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के साथ मिलकर प्रो. अग्रवाल के कथन का समर्थन किया। उन्होंने विज्ञान और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने, वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देने और आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के लिए 1935 में भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी की स्थापना पर प्रकाश डाला। भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी ने विज्ञान को सामाजिक भलाई के रूप में समर्थन देने और वैज्ञानिक प्रयासों में तालमेल को बढ़ावा देने के लिए अपने दृष्टिकोण को रेखित किया है। डॉ. तिवारी ने ऊर्जा स्वतंत्रता, रणनीतिक बुनियादी ढांचे, टिकाऊ लक्ष्यों और विशेष रूप से पृथ्वी प्रणाली विज्ञान को प्राप्त करने में विज्ञान की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने परमाणु प्रौद्योगिकियों के लिए भूविज्ञान के महत्व को रेखांकित किया, जिसमें परीक्षणों के लिए साइट का चयन, भूवैज्ञानिक संरचनाओं को समझना और बिजली संयंत्रों के लिए अंतर्दृष्टि शामिल है ।

### डॉ. दीपक गोपालानी ने किया परमाणु उपकरणों के इस्तेमाल के प्रति आगाह

रक्षा प्रयोगशाला जोधपुर के डॉ.दीपक गोपालानी, वैज्ञानिक ‘ जी ‘ ने अपनी प्रस्तुति के दौरान परमाणु प्रौद्योगिकी का व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने ऊर्जा, अंतरिक्ष, चिकित्सा, अनुसंधान, कृषि और रक्षा जैसे क्षेत्रों में इसके बहुमुखी अनुप्रयोगों पर प्रकाश डाला। परमाणु क्षमताओं के रणनीतिक महत्व पर जोर देते हुए, डॉ. गोपालानी ने रिएक्टर दुर्घटनाओं और आतंकवाद में परमाणु सामग्री के दुरुपयोग सहित संभावित खतरों को संबोधित किया। ऐतिहासिक और समकालीन परमाणु चुनौतियों पर चर्चा करते हुए, डॉ. गोपालानी ने परमाणु हथियारों के विकास, अतीत के भू-राजनीतिक तनावों से लेकर वर्तमान वैश्विक चिंताओं तक, रूस, यूक्रेन, इज़राइल, हमास, ईरान, चीन, ताइवान और दक्षिण चीन सागर से जुड़े संघर्षों का जिक्र किया। उन्होंने परमाणु आपात स्थितियों के लिए तैयारी और प्रतिक्रिया रणनीतियों के महत्व को रेखांकित किया, सेंसर नेटवर्किंग, विकिरण का पता लगाने, खतरे की भविष्यवाणी करने वाले सॉफ़्टवेयर और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल जैसे उपायों का विवरण दिया।

## आरबीएसई का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित : स्कूलों और घरों में छाई खुशी

# बेटियों ने तीनों वर्ग में मारी बाजी पिछले वर्ष से बेहतर रहा रिजल्ट

- कला , वाणिज्य और विज्ञान वर्ग में तमाम जिलों का प्रदर्शन बेहतर
- तमाम स्कूलों में रिजल्ट के बाद दी गई बधाइयां, बांटी गई मिठाइयां
- कला में जोधपुर, वाणिज्य में 13 जिले, विज्ञान में शाहपुरा का दबदबा

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के कला वर्ग के परीक्षा परिणाम में जोधपुर ग्रामीण 98.75 फीसदी, सीकर, 98.67, फलौदी 98.41, कुचामन डीडवाना और बाड़मेर 98.30 और कोटपूतली, बहरोड़ और सिरोही का 98.16 फीसदी परिणाम रहा है, जबकि पांच जिलों का परिणाम सबसे कम रहा है। इनमें प्रतापगढ़ 92.61, जयपुर 94.47, करौली 94.80, धौलपुर 94.85 और उदयपुर 95.28 प्रतिशत शामिल हैं।



### इस साल गत वर्ष से बेहतर रहा परिणाम

**बेधड़क । जयपुर** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम सोमवार को बोर्ड कार्यालय से बोर्ड प्रशासक महेश चंद्र शर्मा ने जारी किया। बोर्ड ने पहली बार 12वीं कक्षा की कला, वाणिज्य और विज्ञान वर्ग का परिणाम एक साथ जारी किया है। प्रदेश में तीनों संकाय के परिणाम को लेकर करीब करीब सभी जिलों ने बेहतर प्रदर्शन किया है।

### विज्ञान वर्ग में 97.73 प्रतिशत परीक्षा परिणाम

विज्ञान वर्ग में इस बार 2 लाख 78 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 2 लाख 58 हजार 71 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए थे। 2 लाख 52 हजार 205 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए है। विज्ञान वर्ग में भी लड़कियों ने बाजी मारी है। लड़कों का परीक्षा परिणाम 97. 08 प्रतिशत और 98.90 प्रतिशत लड़कियों का परिणाम रहा है। विज्ञान वर्ग में शाहपुरा 99.35, सीकर 99.29, डीडवाना कुचामन 98.95, नागौर 98.84 और बाड़मेर 98.82 प्रतिशत के साथ अव्वल रहे, जबकि श्रीगंगानगर 93.21, अनूपगढ़ 94.27, प्रतापगढ़ 95.37, हनुमानगढ़ 95.75 और बालोतरा 96.43 प्रतिशत के साथ पिछड़ गए।



मृदुल जांगिड़ 97.06% | हीना महावर 96.20% | मनीषा जांगिड़ 94.40%

### वाणिज्य वर्ग में कई जिलों ने रचा इतिहास


बाड़मेर, बूंदी, कोटा, बारां, प्रतापगढ़, अनूपगढ़, डीडवाना, कुचामन, केकड़ी, दूदू कोटपूतली-बहरोड़, फलोदी, सवाई माधोपुर, राजसमंद जिले शामिल हैं। इनके अलावा जयपुर ग्रामीण 99.77, सीकर 99.44, हनुमानगढ़ 99.42 और जयपुर शहर 99.40 प्रतिशत के साथ अव्वल रहे हैं, जबकि 93.42 फीसदी, बांसवाड़ा, 95.97, अलवर 96.81 फीसदी और डूंगरपुर 97.49 फीसदी के साथ यह जिले पिछड़े रहे हैं। इस बार वाणिज्य वर्ग में 26 हजार 622 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 26 हजार 418 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठे थे। इनमें 26 हजार 141 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। वाणिज्य वर्ग में भी लड़कियों ने बाजी मारी है। लड़कों का परीक्षा परिणाम 98.66 प्रतिशत और लड़कियों का 99.51 प्रतिशत परिणाम रहा है।



प्रियांशी अग्रवाल 97.60% | ध्रुव माहेश्वरी 94.60% | नव्या शर्मा 94.40%

### कला वर्ग का परिणाम 96.88 प्रतिशत

कला वर्ग में 5 लाख 78 हजार 494 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 5 लाख 69 हजार 575 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इनमें से 5 लाख 51 हजार 789 उत्तीर्ण हुए है। कला वर्ग में लड़कियों का परिणाम लड़कों से बेहतर रहा है। इनमें लड़कों का परिणाम 95.80 फीसदी और लड़कियों का 97.86 प्रतिशत परिणाम रहा है।



शुभम सिंह नरूका 99.20% | तनिष्का कुमावत 99.20% | खुशबू महर्षि 99.20%

### पिछले बरसों की तुलना में इस साल ये रहा परिणाम : एक नजर

- 2020 में कला वर्ग का परिणाम 90.17 प्रतिशत, वाणिज्य -94.49 प्रतिशत, विज्ञान वर्ग 94.49 प्रतिशत रहा था।
- 2021 में कला में 99.19 फीसदी, विज्ञान 99.52 और वाणिज्य वर्ग का 99.73 प्रतिशत परिणाम रहा था।
- 2022 में कला में 96.33 प्रतिशत, विज्ञान 96.53 प्रतिशत और कॉमर्स वर्ग का परीक्षा परिणाम 97.53 प्रतिशत था।
- 2023 में कला वर्ग 92.35, विज्ञान 97.96 प्रतिशत और वाणिज्य वर्ग का 98.01 प्रतिशत परिणाम रहा था।
- 2024 में कला वर्ग में 96.88 प्रतिशत, विज्ञान वर्ग में 97.73 प्रतिशत और वाणिज्य वर्ग में 98.95 प्रतिशत परिणाम रहा है।

### सफलता की खुशी ...



*जयपुर। सच बेधड़क कार्यालय पहुंचे शहर के सांगानेर क्षेत्र के एक निजी सी.से. स्कूल के बच्चों ने आरबीएसई परीक्षा में सफलता पर खुशी जाहिर की। इन बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों व परिजनों को दिया। इस प्रकार रहे इन होनहारों के अंक प्रतिशत- गणेश मीणा (कला, 97. 80%), घनश्याम जाट (साइंस, 97. 80%), ज्योति गुर्जर (कला, 97. 40%), अनिल जाट (कला, 96.80%), अस्मिता चौधरी (कॉमर्स, 96.20%) मानवी जांगिड़ (कला, 96.20%), भीमप्रकाश नारोलिया (साइंस, 96.40%), मोनिका मीणा (कॉमर्स, 96.00%)।*

## सक्सेस का फैक्ट

### 6 से 8 घंटे पढ़ाई, मोबाइल, टीवी से बनाई दूरी

जयपुर की अंजली तैयारी के लिए सीकर गई... किया कमाल, ले आई 99.40 फीसदी अंक : आरबीएसई बोर्ड 12वीं में जयपुर की अंजली शर्मा ने 99.40 फीसदी अंक हासिल कर जयपुर का नाम रोशन किया है। वह तैयारी के लिए सीकर गई थी। जहां उन्होंने कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई कर सफलता हासिल की है।अंजली आगे सिविल सर्विसेज की तैयारी करना चाहती हैं। मूलत: जयपुर निवासी अंजली शर्मा ने बताया कि उनका लक्ष्य सिविल सेवा में जाकर देश की सेवा करना है। अंजली के पापा मेघराज शर्मा कारोबारी है और मां मैना देवी गृहिणी है। पत्रिका से खास बातचीत में अंजली ने बताया कि आप भले ही कम समय पढ़ाई करें लेकिन जब भी पढ़ाई करें तो पूरा फोकस अपने विषय पर होना चाहिए।

### पिता कारपेंटर, बेटे ने प्राप्त किए 97.6% अंक

जयपुर के मृदुल जांगिड़ जो एन के पब्लिक स्कूल का छात्र है, उन्होंने साइंस स्ट्रीम में 97.6 प्रतिशत हासिल किया। मृदुल ने 12वीं की तैयारी में किसी कोचिंग संस्थान की मदद नहीं ली थी। उन्होंने सिर्फ स्कूल के शिक्षकों की पढ़ाई व नोट्स और अपने सेल्फ स्टडी के दम पर 12वीं में इतना अच्छा स्कोर किया है। इनके पिता कारपेंटर है। मृदुल ने कहा, “शुरुआत में 5-6 घंटे की पढ़ाई करता था। लेकिन परीक्षा जब होती थी तो करीब 9 घंटे की पढ़ाई करता था। एनसीईआरटी किताब और शिक्षकों के नोट्स ने मेरी काफी मदद की। मुझे आगे चलकर कंप्यूटर साइंस में अपना करियर बनाना है। 12वीं की परीक्षा के बाद मैं अपना पूरा ध्यान आईआईटी की परीक्षा में लगा दूंगा।”

### किसान की बेटी ने चौमूं का नाम किया रोशन



जयपुर की सरकारी स्कूल की छात्राओं ने इस बार बोर्ड परीक्षा में सभी को पछाड़ दिया है। कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा 2024 के परिणाम में सोनिया सैनी ने 96. 60% अंक प्राप्त कर चौमूं और विद्यालय का नाम रोशन किया है। सोनिया सैनी ने इसका श्रेय अपने माता-पिता और विद्यालय के शिक्षकों को दिया है। गौरतलब है कि सोनिया सैनी के माता-पिता दोनों ही खेती का कार्य करते हैं लेकिन फिर भी सोनिया को हमेशा पढ़ने के लिए मोटिवेट करते रहते हैं।

### मां ने झाड़ू-पोंछा कर बेटी को पढ़ाया

कोटा की उमा ने करीब 8 साल पहले पिता को खोया। मां ने झाड़ू पोछा लगाकर अपनी बेटी को पढ़ाया। स्कूल ने भी उसकी मदद की। जिसकी बदौलत उसे 12वीं बोर्ड परीक्षा आर्ट्स में 96.20 प्रतिशत अंक हासिल हुए। उमा गुर्जर प्रेम नगर स्थित एक निजी स्कूल की छात्रा है। उसके पिता साहब लाल की 8 साल पहले हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। ऐसे में परिवार की जिम्मेदारी उसकी मां फोरंती बाई पर आ गई। उमा की एक छोटी बहन व एक बड़ा भाई है। तीनों बच्चों की परवरिश के चलते मां को घरों पर झाड़ू पोछा लगाकर पढ़ाना पड़ रहा है। उमा ने बताया कि उसने स्कूल में पढ़ाई के अलावा कोचिंग भी ली और रोजाना 5-6 घंटे पढ़ाई की।

### प्राची के 500 में से 500 अंक, तोड़े सारे रिकॉर्ड

खैरथल की रहने वाली प्राची सोनी ने कड़ी मेहनत कर सफलता हासिल की है। प्राची ने साइंस स्ट्रीम में 98 नहीं, 99 नहीं, बल्कि पूरे 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। हैरत की बात ये है कि प्राची के पांचो सब्जेक्ट्स में कुल 500 में से 500 नंबर आए हैं।

### जयपुर की खुशी को मिले 97.60 फीसदी

जयपुर की छात्रा खुशी बंसल को 97.60 फीसद नंबर मिले हैं। खुशी स्कूल रावत सीनियर सेकेंडरी विवेक विहार जयपुर की छात्रा हैं। खुशी बंसल को दो विषयों में 99 और बाकी तीन विषयों में 95, 97, 98 नंबर मिले हैं। यानि कि कुल स्कोर 500 में से 488 अंक मिले हैं। वो सिर्फ 12 अंकों से 100 फीसद लाने में मात खा गई। खुशी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने मां-पिता और टीचर्स को दिया।

### चाय बेचने वाले के बेटे ने हासिल किए 96.40 %

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगधार में अध्ययनरत छात्र आशीष मेहर पुत्र गोरधन मेहर ने 12 वीं साइंस में 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। वो अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और माता पिता को देते है। आशीष के पिता सीमावर्ती मध्यप्रदेश के मंदसौर शहर में एक चाय की दुकान पर काम करते है। आशीष ने बताया कि उसने नीट की परीक्षा भी दी है। उसका परिणाम आने के बाद ही भविष्य की राह चुनेंगे।

## रावत सी. से. स्कूल विवेक विहार एवं मानसरोवर का RBSE में लहराया परचम

**बेधड़क** | जयपुर

रावत सीनियर सेकेंडरी स्कूल विवेक विहार एवम मानसरोवर के विद्यार्थियों ने कक्षा 12 वीं कला, साइंस और कॉमर्स वर्ग में उच्चतम नंबर प्राप्त करके सफलता का परचम फहरा दिया। 12 वी कॉमर्स में खुशी बंसल ने 97.60%, 12 वीं साइंस में यश गोयल ने 97%, राहुल चौधरी ने 96.80 एवं 12 वीं आर्ट्स में अक्षिता शर्मा ने 97.40% अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं संपूर्ण रावत एजुकेशनल ग्रुप को गौरवान्वित किया। उत्कृष्ट रिजल्ट देते हुए 50 से अधिक विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी एस रावत ने सभी विद्यार्थियों को उनकी इस सफलता पर बधाई दी एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना की। सभी टॉप रैंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय में बुलाकर उनका सम्मान किया गया, विद्यार्थियो के साथ उनके अभिभावकों ने भी इस शानदार उपलब्धि को सराहा। रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक हेमेंद्र सिंह रावत एवम नरेंद्र सिंह रावत ने सभी उच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो को बधाई दी। रावत सीनियर सेकेंडरी स्कूल विवेक विहार की प्रिंसिपल सुशीला नेगी एवम रावत सीनियर सेकेंडरी स्कूल मानसरोवर की प्रिंसिपल सुषमा चौहान ने टीम के प्रयासों को सराहा।





# प्रत्येक में जगतनियंता प्रभु का प्रतिबिंब...!



सुनील कुमार महला
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> “काम, क्रोध, मोह-माया विकारों के आवेश में आकर आज इंसान क्रूर से क्रूर कृत्य करने से नहीं परहेज करता है। एक दूसरे के प्रति सेवाभाव, कल्याण और परोपकार की भावना को ही मानवता कहा जाता है। मानवता हमें मानव मात्र से नहीं अपितु संसार के हर प्राणी से प्रेम करना सिखाती है। जाति, संप्रदाय, वर्ण, धर्म, देश आदि के विभिन्न भेदभाव के लिए यहां कोई स्थान नहीं है। मानव धर्म, सभ्यता और संस्कृति की एक तरह से रीढ़ है।”

हफ़ीज़ जौनपुरी ने इंसानियत के बारे में क्या खूब लिखा है -'आदमी का आदमी हर हाल में हमदर्द हो, इक तवज्जोह चाहिए इंसाँ को इंसाँ की तरफ़।' इंसानियत यानी कि मानवता ही वास्तविक धर्म है। वास्तव में, धर्म का सार ही है-- 'आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत्' अर्थात् जो व्यवहार हम दूसरों से अपने लिए चाहते हैं वैसा ही सभी के साथ वरतें।वास्तव में, यही तो मानवता है। अब आप यहां कह सकते हैं कि मैं यहां मानवता की बात क्यों कर रहा हूं ? दरअसल, आज दिन-ब-दिन मानवता जैसे मूल्यों का लोप होता चला जा रहा है। लेकिन बावजूद इसके भी कई बार हमें जीवन में ऐसे उदाहरण भी देखने को मिलते हैं कि मानवता की मिसाल भी देखने को मिल जाती है, जो युगों युगों तक हमारे जेहन में बनी रहती है। वैसे आज के समय में, सड़क पर कोई एक्सीडेंट हो जाए तो लोग एक्सीडेंट स्थल का विडियो जरूर बनाने लगते हैं, फोटो खींचने लगते हैं लेकिन एक्सीडेंट में घायल लोगों की मदद के लिए आगे नहीं आते। आज दुनिया स्वार्थ की ओर अग्रसर हो गई है और नैतिक मूल्यों का लगातार ह्रास होता चला जा रहा है। तभी शायद महान कवि मैथिलीशरण गुप्त जी को कभी यह लिखना पड़ा था -'विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी, मरो परन्तु यों मरो कि याद जो करे सभी। हुई न यों सु-मृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिए, मरा नहीं वहीं कि जो जिया न आपके लिए। यही पशु-प्रवृत्ति है कि आप आप ही चरे, वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे। उसी उदार की कथा सरस्वती बखानती,उसी उदार से धरा कृतार्थ भाव मानती।उसी उदार की सदा सजीव कीर्ति कूजती, तथा उसी उदार को समस्त सृष्टि पूजती। अखंड आत्म भाव जो असीम विश्व में भरे, वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।' माना कि आज हर तरफ लालच, स्वार्थ का बोलबाला है, मनुष्य आपा-धापी भरी जिंदगी जी रहा है लेकिन मनुष्य में एक दूसरे के प्रति आत्मभाव जरूर होना चाहिए। मनुष्य ही मनुष्य के काम आता है और आना भी चाहिए और यह सृष्टि देखा जाए तो 'आत्मभाव' यानी कि 'मनुष्यता' या यूं कहें कि 'मानवीयता' पर ही चल रही है, जो भारतीय संस्कृति का एक गुण भी है। हाल ही में मानवीयता का एक सर्वोत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला, जब एक बच्चे को विदेश से बहुत महंगा इंजेक्शन मंगवाकर , उसे बच्चे को लगाकर उसकी जीवनरक्षा की गई। जानकारी देना चाहूंगा कि हाल ही में राजस्थान के धौलपुर के रहने वाले मात्र 23 महीने के बच्चे हृदयांस को स्पाइनल मस्कुलर एस्ट्रॉफी नामक घातक बीमारी से बचाने की मुहिम चलाई गई थी। राजस्थान पुलिस में एक उपनिरीक्षक के बेटे हृदयांश को नई जिंदगी देने की मुहिम आखिरकार सफल हो गई। हृदयांश को बचाने के लिए हर कोई आगे आया। यह मानवता का एक बहुत अच्छा उदाहरण है। मीडिया के हवाले से आई खबरों से पता चलता है कि बच्चे को बचाने के लिए एक्टर से लेकर क्रिकेटर और सब्जी विक्रेता यानी कि आम आदमी तक ने बच्चे को बचाने के लिए मदद की। मदद के अभाव में बच्चे की जान जा सकती थी। जैसा कि साढ़े सत्रह करोड़ रूपए बहुत बड़ी रकम होती है और आम आदमी से लेकर मध्यम वर्ग तो दूर की बात,किसी करोड़पति के लिए भी इतनी बड़ी धनराशि इलाज के लिए जुटाना शायद ही संभव हो सकता था, लेकिन यह मानवता ही थी, जिसके कारण आज बच्चे की जान बच सकी है। पाठकों को बताता चलूं कि

जयपुर के जेके लोन अस्पताल में 24 महीने के हृदयांश को 17.50 करोड़ रुपए का इंजेक्शन लगाया गया और उसकी जान बचाई गई। यह भी बता दूं कि इतना महंगा इंजेक्शन क्राउडफंडिंग के जरिए अमेरिका से मंगवाया गया था। इस साल यानी कि वर्ष 2024 में हृदयांश जब बीस महीने का था, तब राजस्थान पुलिस ने बच्चे के इलाज के लिए क्राउड फंडिंग अभियान शुरू किया था। हालांकि इंजेक्शन बच्चे के दो साल का हो जाने पर लगाया जाना था लेकिन इतनी बड़ी रकम जुटाने के लिए यह अभियान चार महीने पहले ही शुरू कर दिया गया। आज पैसे की अनुपलब्धता के चलते देश में अनेक लोगों की जानें चली जाती है। स्वास्थ्य व शिक्षा की जिम्मेदारी हालांकि सरकार की होती है लेकिन भारत विश्व में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है और यहां हर व्यक्ति के संसाधनों को जुटाया जाना इतनी आसान बात नहीं है, लेकिन मानवता बहुत कुछ संभव बनाने की क्षमता रखती है। आज देश में बहुत से एनजीओ कार्यरत हैं, अनेक सामाजिक संस्थाएं भी हैं जो समय समय पर आमजन के हितार्थ बहुत से कामकाज करतीं हैं लेकिन हृदयांश के मामला इसलिए ज्यादा चर्चित हुआ क्यों कि इसमें एक आदमी को इलाज के लिए इतनी बड़ी रकम जुटानी थी। यह बहुत सराहनीय है कि देश, विदेश से अनेक लोग इसके लिए बढ़-चढ़कर आगे आये, लेकिन यहां यह भी सोचनीय है कि आखिर दवाएं इतनी अधिक महंगी क्यों हैं ? साढ़े सत्रह करोड़ के इंजेक्शन में आखिर ऐसा क्या होगा, जो इसे विदेश से इतनी महंगी कीमत पर क्राउड फंडिंग के जरिए मंगाना पड़ा ? दवाओं के मामलों में न तो मरीज और न ही मरीज के परिजन दवा विक्रेताओं से मोलभाव कर सकते हैं।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## माता छिन्नमस्ता जयंती आज

# अर्द्धरात्रि में होती है माता की उपासना



अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> “पौराणिक वर्णनों में हयग्रीवोपाख्यान में गणपति वाहन मूषक की कृपा से धनुष प्रत्यंचा भंग हो जाने के कारण सोते हुए विष्णु के सिर के कट जाने की अंकित कथा माता छिन्नमस्ता से ही संबधित है। शिव शक्ति के विपरीत रति आलिंगन पर देवी स्थित हैं। नवग्रहों में राहू पर माता का अधिपत्य है। विष्णु के दशावतारों में भगवान परशुराम का संबंध छिन्नमस्ता देवी से है, वही एकवीरा अर्थात एकमेव वीर परशुराम की माता हैं, तथा कर्नाटक के सौंदत्ती ओर महाराष्ट्र के माहूर में स्थित रेणुका माता भी छिन्नमस्ता हैं।”

सामान्य नवरात्र में देवी भगवती के नौ रूपों -शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री स्वरूपों की पूजा की जाती है, लेकिन गुप्त नवरात्रों में उनके दस महाविद्या- काली, तारा, षोडशी, भुवनेश्वरी, भैरवी, छिन्नमस्ता, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी व कमला रूप की पूजा की जाती है। माता शक्ति भगवती के कई रूप हैं। समय-समय पर देवी के द्वारा धारण किए गए कई स्वरूपों में से कुछ सौम्य हैं, तो कई अति भयंकरा अर्थात भयंकर दिखने वाली। माता काली का रूप अत्यधिक भीषण व उग्र माना जाता है, किन्तु सर्वाधिक आतंकित करने वाला रूप देवी छिन्नमस्ता का है। छिन्नमस्ता शब्द दो शब्दों के मेल से बना है- छिन्न और मस्ता। छिन्न का अर्थ अलग होने से है और मस्ता का अर्थ मस्तक अथवा सिर से है। इस प्रकार छिन्नमस्ता का अर्थ है- जिसका मस्तक अपने धड़ से अलग हो गया हो। माता छिन्नमस्ता का इस रूप में अपनी स्कन्ध से कटी मस्तक अर्थात अपनी कटी सिर अपने एक हाथ में पकड़े हुए खड़ी रहती हैं। साथ ही उनकी गर्दन में से रक्त की तीन धाराएं निकल रही होती हैं। माता छिन्नमस्ता देवी काली का एक अद्वितीय अवतार हैं, क्योंकि उन्हें जीवन हरने वाली के साथ ही जीवन दाता भी माना जाता है। इन्हें छिन्नमस्तिका या प्रचण्ड चण्डिका के नाम से भी जाना जाता है। माता सती की दस महाविद्याओं में से छठी महाविद्या छिन्नमस्ता देवी का रूप अत्यंत भीषण व डराने वाला है। कतिपय ग्रंथों में इन्हें चतुर्थ महाविद्या कहा गया है। पौराणिक व तांत्रिक मान्यताओं में माता छिन्नमस्ता को वज्र-वैरोचनी भी कहा गया हैं। वह तिब्बत के तांत्रिक बौद्ध धर्म में डाकिनी कहलाती हैं। माता पार्वती अपने सबसे उग्र रूप में विवस्त्र हैं। गले में हड्डियों की माला ओर कंधे पर यज्ञोपवीत अर्थात जनेऊ धारण करती हैं। उनके दो हाथ है, दक्षिण अर्थात दाईं बाहु में जड़ तलवार अर्थात खडग है, और वामबाहु पर उनका कटा हुआ मस्तक है। छिन्नमस्ता ने कमरबंद के रूप में भी राक्षस की खोपड़ियों को बांध रखी है। इसलिए मान्यता है कि शांत भाव से इनकी उपासना करने पर यह अपने शांत स्वरूप को प्रकट करती हैं। उग्र रूप में उपासना करने पर यह उग्र रूप में दर्शन देती हैं, जिससे साधक के उच्चाटन होने का भय रहता है। कटे हुए सिर पर उन्होंने एक मुकुट पहना हुआ है, जिसके तीन नेत्र हैं। पौराणिक चित्रण में माता एक मैथुन करते हुए जोड़े के ऊपर खड़ी हैं। उनका वर्ण गुड़हल पुष्प के समान लाल है, तथा वस्त्रों के रूप में उन्होंने केवल आभूषण पहने हुए हैं। दशों दिशाएं ही इनके वस्त्र हैं। इनकी नाभि में योनि चक्र है। माता छिन्नमस्ता का अवतरण बैशाख मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को हुआ था। इसलिए इस दिन माता छिन्नमस्ता जयंती मनाने की पौराणिक परिपाटी है। बैशाख शुक्ल द्वादशी का दिन इस वर्ष 2024 में 22 मई दिन बुधवार को पड़ने के कारण इस दिन माता छिन्नमस्ता जयंती मनाया जाना है, लेकिन अर्द्धरात्रि में की गई छिन्नमस्तिका साधना अति शुभ फलदायक मानी गई है। इसलिए 21 मई दिन मंगलवार की रात्रि ही तांत्रिक व योगसाधक माता छिन्नमस्ता की पूजा -आराधना करेंगे। शत्रुनाश, राज्यप्राप्ति, मोक्षप्राप्ति, तथा मारण, विद्वेषण, वशीकरण अर्थात मोहन अर्थात आकर्षण, स्तंभन, उच्चाटन और शांति आदि तांत्रिक षडकर्मों के लिए छिन्नमस्ता आराधना की जाती है। इस प्रकार दक्षिण ओर वामाचारी दोनों ही साधक माता की उपासना करते हैं। छिन्नमस्ता के रूप व स्वभाव को देखते हुए इनकी पूजा तांत्रिकों व साधुओं द्वारा तंत्र व शक्ति विद्या अर्जित करने, अपने शत्रुओं का समूल नाश करने और विपत्तियों को समाप्त करने के उद्देश्य से की जाती है। छिन्नमस्ता की कृपा से भक्तों पर आई विपत्ति व संकट दूर होते हैं तथा उनका मार्ग प्रशस्त होता है। इस दिन नृसिंह चतुर्दशी व्रत भी मनाया जाता है।

माता छिन्नमस्ता की उत्पति से संबंधित पौराणिक कथा के अनुसार एक समय माता पार्वती अपने दो सखियों- जया ओर विजया के साथ मंदाकिनी नदीतट पर स्नानार्थ गयी थी। लेकिन इस स्नान के समय देवी पार्वती समय की वास्तविक गिनती भूल गई, और इस तरह बहुत प्रतीक्षा के बाद, उनके सखियों को भी भूख लगने लगी। इसलिए उन्होंने भोजनार्थ पूछा। माता ने उन्हें थोड़ी देर प्रतीक्षा करने कहा। बहुत सारे अनुस्मारक देने के बाद भी वे पार्वती का ध्यान आकर्षित करने में असमर्थ रहे। और उनकी दोनों सखियों को और तेज भूख लगने लगी। सखियों के बार-बार अनुस्मारक देने के कारण अंत में देवी पार्वती को समय का अहसास हुआ, और अपराध बोध में उन्होंने स्वयं का गला काट लिया। माता पार्वती के द्वारा खडग से अपना मस्तक छेदन किए जाने से रक्त की तीन धाराएं प्रवाहित होने लगी। उसमें से दो धाराएं उनकी सखी जया व विजया ने प्राशन की, और एक धारा स्वयं देवी ने स्वतः प्राशन की। उस समय से ही उन्हें छिन्नमस्ता देवी के रूप में जाना और पूजा जाने लगा। इडा, पिंगला और सुषुम्ना इन तीन नाडियों का संधान कर योग मार्ग में सिद्धि को प्रशस्त करती हैं। विद्यात्रयी में यह द्वितीय विद्या गिनी जाती हैं। माता के भैरव का नाम कबंध शिव है, जो इस परिवर्तनशील जगत के स्वामी हैं। उनकी मूल शक्ति छिन्नमस्ता ही हैं। विकास का दर कम होने, अर्थात वृद्धि के क्षीणत्व की ओर होने के समय छिन्नमस्ता देवी का प्राबल्य होता है। वह हिरण्यकशिपु की उपास्य देवता हैं। मस्तक छेदन करने के उपरांत भी वे सजीव रही। इसका यौगिक भाषा मे अर्थ है कि वह परिपूर्ण अंतर्मुखत्व का प्रतीक हैं। रक्तवर्ण और कृष्णवर्ण वाली दो सखियां सदा उनके साथ रहती हैं, जो अनुक्रमे रजोगुण ओर तमोगुण का प्रतिनिधित्व करती है। यह देवियां कोई साधारण व्यक्ति नहीं, अपितु वर्णिनि और डाकिनी हैं। मानवी शरीर के अग्निस्थान अथवा मणिपुर चक्र में योगीजन छिन्नमस्ता का ध्यान करते हैं। प्रत्येक शरीर में स्त्रीतत्व ओर पुरुषतत्व दोनों ही होते हैं। इस स्त्रीतत्व के शुद्धिकरण उपरांत ही उस शरीर से योगशक्ति, विश्वचैतन्य की ओर प्रवाहित होती हैं, इससे सुषुम्ना नाड़ी मार्ग मुक्त हो जाती हैं, जिसका संबंध तृतीय नेत्र जागृति और तृतीय प्रकृति, अर्द्धनारी स्वरूप से है। रुद्रयामल तंत्र, मुंडमालातंत्र, तथा अन्य कई तांत्रिक ग्रंथ में छिन्नमस्ता आराधना की विविध पद्धति, स्तोत्र, मंत्रसाधना, कवच और तंत्र आदि के संदर्भ में विस्तृत वर्णन अंकित है। पौराणिक वर्णनों में आद्याशक्ति माता छिन्नमस्ता अपना स्वरूप वर्णन अर्थात परिचय देते हुए स्वयं कहती हैं कि मैं छिन्न शीश अवश्य हूं, लेकिन अन्न के आगमन के रूप सिर के सन्धान (सिर के लगे रहने) से यज्ञ के रूप में प्रतिष्ठित हूं। सिर संधान रूप अन्न का आगमन बंद हो जाने के समय मैं छिन्नमस्ता ही रह जाती हूं। इस महाविद्या का संबंध महाप्रलय से है। महाप्रलय का ज्ञान कराने वाली यह महाविद्या भगवती पार्वती का ही रौद्र रूप है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## नॉलेज कॉर्नर: पपीते को अखबार में लपटने के हैं वैज्ञानिक तथ्य

# अखबार क्यों बनाता है पपीते को खाने लायक

आपने बाजार में देखा होगा कि बिकने वाले फलों और सब्जियों तो दुकानदार बड़ी सावधानी से टोकरी पर या ठेले पर रखता है। वहीं बाजार में बिकने वाले पपीतों को अखबार में लपेटकर रखा जाता है। ऐसा माना जाता है कि फल जल्दी से खराब न हों और दुकानदार उसे अच्छे दामों पर बेच सके। वहीं अखबार में लपेटने के दूसरे वैज्ञानिक तथ्य भी है। इसी पर आज हम आपको नॉलेज कॉर्नर के बारे में बताने जा रहे है।

### एथिलीन गैस बाहर नहीं निकले इसलिए लपेता जाता है पपीते से

पपीता एक क्लाइमेक्टेरिक फल है। पकने के बाद भी यह एथिलीन गैस छोड़ता है। यह एथिलीन गैस बाहर न निकले इसके लिए उसे अखबार में लपेट कर रखा जाता है। ऐसा करने से गैस अंदर ही कैद हो जाती है, जिससे पपीता जल्दी और समान रूप से पक जाता है।



### धूल-मिट्टी और अन्य गंदगी से होता है बचाव

आपने देखा होगा कि जब आप बाजार में फल खरीदने के लिए जाते हैं, तो वहां काफी गंदगी होती है। हर तरफ धूल और मिट्टी उड़ती है। यह मिट्टी फलों पर जाकर टिक जाती है। ऐसे में अखबार पपीते को धूल, मिट्टी और कीड़ों से बचाने में मदद करता है।

### गर्म तापमान से बचाता है अखबार

*इसके अलावा अखबार पपीते को गर्म तापमान से बचाने में भी मदद करता है। फलों को ज्यादा गर्मी लगने से वे जल्दी खराब हो सकते हैं। ऐसे में अखबार एक इन्सुलेटर की तरह काम करता है और पपीते को ठंडा रखता है।*

*कंटेंट: बजरंग लाल बुनकर*

## व्यंग्य

# हाल कैसा है जनाब का !



प्रभात गोस्वामी
व्यंग्यकार

ऐसा नहीं कि हम केवल भ्रष्टाचार में ही आगे हैं ,शिष्टाचार निभाने में भी हमारा मुकाबला कोई नहीं कर सकता । कोई एक बार बीमार पड़कर देखे तो सही,हम सब शिष्टाचार निभाने के लिए उसके घर में लाइन लगाकर खड़े हो जाते हैं। हमारे शिष्टाचार की ताकत डॉक्टर की दवा जैसी ही प्रभावी और असरदार है। हर मोहल्ले में कई लोग तो शिष्टाचार निभाने के लिए ही पैदा होते हैं । ऐसा लगता है घर से उपेक्षित कुछ लोग इन्हीं को व्यस्त रखने के लिए अक्सर बीमार होकर पलंग पकड़ लेते हैं । बीमारी लंबी हो जाए तो घरवालों से ज्यादा शिष्टाचार निभाने वाले काम आते हैं; जो सुबह से शाम तक मरीज के पास बैठकर राग शिष्टाचार गाते रहते हैं । आलाप,जोड़,मध्य से द्रुत लयकारी के साथ पूरा दिन निकाल देते हैं।

यहाँ घरवालों की हालत देखने लायक होती है । मरीज से ज्यादा इन शिष्टाचारियों की सेवा पर ध्यान देना पड़ता है । चाय-पानी के कई -कई दौर चलते हैं । मरीज चुपचाप देखता रहता है कि इतना ध्यान मुझ पर दिया होता तो आधी बीमारी घर पर ही ठीक हो जाती!

कल की ही बात है । हमारे पड़ोसी होशियार सिंह बुखरित होकर बिस्तर से चिपक गए । पर घर में चिंता की लहर नहीं दौड़ पाई । चुनावी दौर में लहर भी व्यस्त रहती है। लेकिन सूचना पाते ही पड़ोसियों ने हालचाल पूछने का सिलसिला शुरू कर दिया । शिष्टाचारियों का शिष्टमण्डल उनके घर पहुँच गया । सब से पहले शिष्टाचार शिरोमणि पीके बाबू ने होशियार सिंह की ओर बड़ी दयनीयता से देखकर पूछा ,' हाल कैसा है जनाब का? आप तो सबसे स्वस्थ आदमी हैं मोहल्ले के ?' पीके ने सहानुभूति का टोकरा धरते हुए पूछा।

होशियार सिंह ने जवाब देने के लिए थोड़ी मुश्किल से मुंह खोल ही था कि पीके बाबू ने शिष्ट मण्डल की तरफ देखते हुए कहा, 'होता है,होता है । एक बार मेरे साथ भी ऐसा ही हुआ था । बुखार में जिस्म, टिकट कटे नेता जैसा बेहाल हो गया था। मैं वैसे स्वास्थ्य नियमों का पालन करता हूँ फिर भी तेज बुखार हो गया । मेरा किसी से कोई वैर भी नहीं रहा कि कोई बद्दुआएं देता । आजकल बुखार भी भ्रष्टाचार जैसे आसानी से पकड़ में नहीं आता । फिर चिकित्सक भी नहीं चाहते की बंदा आसानी से ठीक हो जाए । कम से कम सालभर की ग्राहकी तो बनी रहे। छग्गू भाई ने बहस में हस्तक्षेप करते हुए उवाचा, 'आजकल बीमारी भी मुसीबत है । घर के सारे लोग अपने-अपने कार्यों में व्यस्त रहते हैं । बीमारी लंबी खिंचते ही तीमारदार भी हाथ खींच लेते हैं । मैं इसका भुक्तभोगी हूँ । आप लोग नहीं होते तो हम भी आज यहाँ नहीं होते !'

तभी मुन्नालाल शिष्टाचारी बीच में कूद पड़े,' अब बीमारी तो होगी ही । इससे कई नए व्यवसाय भी बढ़े हैं । योग गुरुओं की चल पड़ी है । जिम भी ठसाठस भरे हुए रहते हैं । पार्कों का विकास लोगों को स्वस्थ बनाने के लिए ही हुआ है ,यह दीगर बात है इसका सर्वाधिक उपयोग लुकाछिपी करते प्रेमी जोड़े अधिक कर रहे हैं। शायर फ़िराक़ गोरखपुरी साहब ने खूब कहा ," पाल ले इक रोग नादां ज़िंदगी के वास्ते / सिर्फ सेहत के सहारे उम्र तो कटती नहीं।" रामदयाल कुछ बोलते इससे पहले ही होशियार सिंह को जांच के लिए लैब ले जाने का वक्त हो गया। उन्हें दुख हुआ कि वह मरीज से पूछ ही नहीं पाए कि ,' हाल कैसा है जनाब का !' इस दौरान होशियार सिंह अपना हाल बताने के लिए निरंतर मुंह खोले हुए पड़ा रहा । उसे बोलने का अवसर ही नहीं मिला ! घरवालों को लगा कि पहली बीमारी अभी ठीक भी नहीं हुई कि मुंह खुला रहने की मुसीबत और आ गई ।

### रामकृष्ण मिशन पर दिए बयान पर बढ़ा विवाद तो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दी सफाई

# मैं संस्थानों के खिलाफ नहीं, सिर्फ राजनीति से जुड़े लोगों की आलोचना

**एजेंसी** | कोलकाता

पश्चिम बंगाल की राजनीति में रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ को लेकर सियासी बवाल खड़ा हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के दौरे के दौरान चुनाव सभाओं में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के एक बयान को लेकर उन पर निशाना साधा था। इस बीच ममता बनर्जी अपने बयान को लेकर सोमवार को सफाई दी। उन्होंने परोपकारी कार्यों के लिए रामकृष्ण मिशन या भारत सेवाश्रम संघ की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वह किसी संस्था के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन राजनीति में शामिल होने के लिए एक या दो लोगों की आलोचना की है। इस बीच, भारत सेवाश्रम संघ के प्रदीप्तानंद महाराज ने ममता बनर्जी के खिलाफ कानूनी नोटिस भी भेजा है।

विवाद की शुरुआत तब हुई जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को भारत सेवाश्रम के कार्तिक महाराज पर भाजपा के लिए प्रचार करने और तृणमूल एजेंटों को चुनाव में बैठने से



रोकने का आरोप लगाया था। इन्हीं आरोपों को लेकर पीएम मोदी ने उन पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस वोट बैंक के तुष्टीकरण’ के लिए इन सामाजिक-धार्मिक संगठनों को धमका रही है। सीएम ममता बनर्जी ने सोमवार को बांकुड़ा के ओंदा में एक चुनावी सभा में कहा, मैं रामकृष्ण मिशन के खिलाफ नहीं हूं। मैं किसी भी संगठन का अपमान क्यों करूंगी? किसी संगठन का अपमान नहीं किया है। मैं गंगासागर में भारत सेवाश्रम जाती हूं। वे मुझसे बहुत प्यार करते हैं, ख्याल रखते हैं, देश के लिए बहुत काम करते हैं। मैंने एक-दो लोगों के बारे में कहा था।

#### संत ने ममता से की माफी मांगने की मांग

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद स्थित भारत सेवाश्रम संघ के स्वामी प्रदीप्तानंद महाराज ने सोमवार को कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक कानूनी नोटिस भेजा है। महाराज ने संगठन के बारे में कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए ममता से मांफी मांगने को भी कहा है। उन्होंने कहा, अगर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी निजी तौर पर मुझे अपमानित करतीं तो मुझे इससे फर्क नहीं पड़ता।

#### गठबंधन की सरकार बनी तो पूरी मदद: ममता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि अगर इस चुनाव में उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस को अधिकतम सीटें मिलती हैं तो यह सुनिश्चित होगा कि केंद्र में सरकार बनाने पर वह विपक्षी गठबंधन इंडिया की पूरी तरह से मदद कर सकेंगी। ममता ने सोमवार को पंसकुरा में एक चुनावी रैली में भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की गारंटी सही नहीं है। केंद्र सरकार आम लोगों को रसोई गैस, बिजली आदि मुफ्त में नहीं दे रही है। ममता ने एक बार फिर से दोहराया कि भाजपा ने संदेशखाली की महिलाओं के संबंध में साजिश रची थी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा राज्य में लोगों के बीच साजिश के माध्यम से टकराव पैदा करना चाहती है। उन्होंने इस दौरान लोगों से जाति और धर्म से परे एकजुट रहने का आग्रह किया।

---

### सरकार की हर बात झूठी साबित हुई : अखिलेश



**लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि पिछले 10 साल में सरकार की हर बात झूठी साबित हुई है। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। डीजल, खाद, बिजली महंगी हो गई है। किसानों की लागत नहीं निकल पा रही है। सरकार ने किसानों के कर्ज माफ नहीं किए। किसानों पर कर्ज का बोझ बढ़ता ही जा रहा है। अखिलेश सोमवार को सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर और बस्ती में चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झूठ बोलकर वोट लेने वाली भाजपा से सावधान रहें। विश्वगुरु और विकसित भारत का सपना दिखाकर भाजपा 400 पार का नारा दे रही है। लेकिन इस बार जनता इन्हें 143 पर सिमटा देगी।

### आज ‘मातृशक्ति’ सम्मेलन में मोदी करेंगे संवाद



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में 21 मई को ‘मातृशक्ति’ सम्मेलन में 25 हजार से अधिक महिलाओं से सीधा संवाद करेंगे। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी अरविंद मिश्रा ने बताया कि ‘मातृशक्ति’ सम्मेलन के लिए महिला पदाधिकारी घर-घर जा कर संपर्क कर रही हैं। सम्मेलन में हजारों की संख्या में महिला कार्यकर्ताओं को जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। ज्ञात रहे कि मोदी वाराणसी संसदीय सीट से तीसरी बार भाजपा के उम्मीदवार हैं जिनके मुकाबले विपक्षी ‘इंडिया’ गठबंधन ने कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय को चुनाव मैदान में उतारा है।

### ओडिशा: प्रधानमंत्री ने बीजद पर जमकर निशाना साधा, कहा...

# पूरी तरह भ्रष्टाचारियों के कब्जे में है बीजद सरकार: PM मोदी

**एजेंसी** | पुरी

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के मतदान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के पुरी में हुंकार भरी। उन्होंने पुरी में भाजपा उम्मीदवार संवित पात्रा के समर्थन में रोड-शो किया और ढेंकनाल तथा कंधमाल में रैलियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी बीजू जनता दल (बीजद) पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने ढेंकनाल में कहा कि बीजद सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचारियों के कब्जे में है। भ्रष्टाचारी मुख्यमंत्री आवास और कार्यालय पर कब्जा करके बैठ चुके हैं। उन्होंने बीजद पर ओडिशा की संपत्ति और संस्कृति को नष्ट करने का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि 10 जून को भाजपा की डबल इंजन सरकार का शपथ ग्रहण कार्यक्रम होगा



उन्होंने कहा कि बीजद सरकार में जगन्नाथ जी का मंदिर भी सुरक्षित नहीं बचा है। पिछले छह साल से श्री रत्न भंडार की चाबी का भी अता-पता नहीं है। इसके पीछे का बहुत बड़ा राज बीजद सरकार और मुख्यमंत्री के करीबी लोग छिपा रहे हैं। पूरा ओडिशा जानना चाहता है कि जो जांच हुई थी, उसकी रिपोर्ट में ऐसा क्या है कि बीजद ने वो रिपोर्ट ही दबा दी? भाजपा सरकार 10 जून को सत्ता में आने के बाद रिपोर्ट सार्वजनिक करेगी। उन्होंने कहा कि ऐसा कहा जा रहा है कि रत्न भंडार की चाबी तमिलनाडु में है। उन्होंने चुनाव के बाद राज्य में डबल इंजन की सरकार बनने का दावा करते हुए त्रिशंकु विधानसभा की संभावना को खारिज कर दिया।

#### लोगों को खनिज संसाधनों के लाभ से वंचित किया

पीएम मोदी ने राज्य में सत्तारूढ़ बीजद पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने लोगों को खनिज संसाधनों के लाभ से वंचित किया। उन्होंने कहा, मोदी ने 2014 में एक नई खनिज उत्खनन नीति तैयार की थी जिसके तहत ओडिशा को अत्यधिक रॉयल्टी मिल रही है। ओडिशा को खनिज रॉयल्टी के तौर पर 50,000 करोड़ रुपए और जिला खनिज निधि से 26,000 करोड़ रुपए दिए गए। उन्होंने कहा कि यह पैसा सड़कों, विद्यालयों और पेयजल पर खर्च किया जाना चाहिए था, लेकिन बीजद ने इसका दुरुपयोग किया। मोदी ने सवाल किया कि बीजद सरकार ने ओडिशा को क्या दिया है? उन्होंने खुद ही इसका जवाब देते हुए कहा कि बीजद ने राज्य को भू-माफिया, रेत माफिया, कोयला माफिया और खनन माफिया दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीजद विधायक और मंत्री दिन-रात इसी तरह के कामों में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राज्य को अपेक्षाकृत अधिक धनराशि आवंटित कर रही है, लेकिन बीजद सरकार इस धन का दुरुपयोग कर रही है। बीजद सरकार के हाथों में न तो ओडिशा के खनिज संसाधन और न ही सांस्कृतिक विरासत सुरक्षित है।

#### त्रिशंकु विधानसभा नहीं, पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी

पीएम मोदी ने कहा, कुछ मीडियाकर्मी कह रहे हैं कि ओडिशा में त्रिशंकु विधानसभा बनेगी। यह सिर्फ अफवाह है क्योंकि भाजपा राज्य में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। भाजपा ही राज्य के विकास को नई ऊंचाई पर ले जा सकती है। ओडिशा के लिए भाजपा के मुख्यमंत्री पद के चेहरे के नाम की घोषणा करने की बीजद की मांग का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा, मुझे राज्य सरकार चलाने का अनुभव है। भले ही मोदी दिल्ली में रहेगा, लेकिन वह यह सुनिश्चित करेगा कि ओडिशा की भाजपा सरकार को किसी भी कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि लोगों ने पिछले 25 साल बीजद सरकार पर भरोसा किया। उन्होंने कहा, ‘पूरा ओडिशा अब आत्ममंथन कर रहा है कि लोगों को इन वर्षों में क्या मिला है? किसानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, युवा आजीविका के लिए दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं जबकि आदिवासी अंदरूनी इलाकों में स्थिति बदतर है।

#### माफिया की रीढ़ की हड्डी को तोड़ देंगे

पीएम मोदी ने कहा कि ओडिशा में भाजपा के सरकार बनाने पर हम इस माफिया की रीढ़ की हड्डी को तोड़ देंगे। मोदी सरकार राज्य को अपेक्षाकृत अधिक धनराशि आवंटित कर रही है, लेकिन बीजद सरकार बड़ी परियोजनाओं के कार्यान्वयन में बाधा डालती है। बाद में मंत्री और विधायक कट या कमीशन लेकर अपने करीबी लोगों को इनके ठेके दे देते हैं।

#### ओडिशा के बेटी-बेटे को ही सीएम बनाएगी भाजपा

उन्होंने कहा कि आप यहां भाजपा की सरकार बनाइए, भाजपा ओडिशा के बेटे या बेटी को ही यहां का मुख्यमंत्री बनाएगी। 10 जून को ओडिशा में भाजपा की डबल इंजन सरकार का शपथ ग्रहण कार्यक्रम होगा। क्योंकि, इस बीजद सरकार का जाना तय है।

#### बीजद के छोटे-छोटे नेता भी करोड़ों के मालिक

बीजद पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, मैं गुजरात से आया हूं, मैं सोमनाथ की धरती से जगन्नाथ की धरती को प्रणाम करने आया हूं। लेकिन, मैं ओडिशा में जब गरीबी देखता हूं, तो मेरे दिल में दर्द होता है कि,इतना समृद्ध प्रदेश, इतनी महान विरासत वाले मेरे ओडिशा को किसने तबाह और बर्बाद कर दिया। इसकी वजह है बीजद सरकार, जो पूरी तरह भ्रष्टाचारियों के कब्जे में है। बीजद के छोटे-छोटे नेता भी करोड़ों के मालिक बन गए हैं। पीएम मोदी ने सभी लोगों विशेषकर पहली बार मतदान करने वालों से वोट डालने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में माताओं-बहनों और हमारे नौजवानों का अलग ही उत्साह दिख रहा है।

#### 4 जून बाद टूट जाएगा विपक्षी गठबंधन

पीएम मोदी ने झारग्राम में चुनावी जनसभा में दावा किया कि लोकसभा चुनाव के 5वें चरण के मतदान के बाद कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की हार तय है और इसके बाद विपक्षी गठबंधन में टूट की शुरुआत हो जाएगी। 4 जून के बाद विपक्षी गठबंधन का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। मोदी ने कांग्रेस नेताओं पर सांप्रदायिकता फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वे अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण को छीनकर मुसलमानों को देना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर सांप्रदायिक पार्टी होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ‘कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकार छीनकर मुसलमानों को आरक्षण का लाभ देना चाहती है। सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे एक वीडियो का हवाला देते हुए मोदी ने कहा, ‘एक तरफ मनमोहन सिंह ने कहा था कि भारत के संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमानों का है।

#### ‘अंबेडकर धर्म के आधार पर आरक्षण के थे खिलाफ’

पीएम मोदी ने आरक्षण के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन की आलोचना की। उन्होंने कहा कि उसमें शामिल घटक दल धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहते हैं। जबकि बाबासाहेब आंबेडकर धर्म के आधार पर आरक्षण दिए जाने के खिलाफ थे।

### कोलकाता हाई कोर्ट में भाजपा को झटका

# टीएमसी के खिलाफ अपमानजनक विज्ञापन के प्रकाशन पर रोक



**एजेंसी** | कोलकाता

कलकत्ता हाई कोर्ट ने सोमवार को केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पर अगले आदेश तक तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ किसी भी प्रकार के अपमानजनक विज्ञापन प्रकाशित करने पर रोक लगा दी है। जस्टिस सब्यसाची भट्टाचार्य की पीठ ने भाजपा के विज्ञापनों के खिलाफ टीएमसी द्वारा दायर शिकायतों का निपटारा करने में विफल रहने पर चुनाव आयोग की भी खिंचाई की और कहा कि आयोग इस ड्यूटी को करने में नाकाम रहा है। पीठ ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस बनाम भारत चुनाव आयोग के मामले की सुनवाई कर रही थी। हाई कोर्ट ने कहा कि तत्काल याचिका केवल मीडिया संस्थानों पर विज्ञापन प्रकाशित करने पर रोक लगाने के लिए नहीं है, बल्कि मुख्य रूप से यह भाजपा को ऐसे विज्ञापन प्रकाशित करने से रोकने के लिए है, जो तृणमूल कांग्रेस और उसके नेताओं के राजनीतिक अधिकारों का उल्लंघन करते हैं। बता दें कि अपने विज्ञापनों के माध्यम से केंद्र की सत्तारूढ़ भाजपा ने पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस को निशाना बनाया था।

कोर्ट ने अपने फैसले में टिप्पणी की कि ‘साइलेंस पीरियड’ (मतदान से एक दिन पहले और मतदान के दिन) के दौरान भाजपा के विज्ञापन न केवल आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हैं बल्कि तृणमूल कांग्रेस के अधिकारों पर भी आघात है और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के नागरिकों के अधिकार का भी हनन है। हाई कोर्ट ने कहा कि विज्ञापनों के जरिए व्यक्तिगत हमले किए गए हैं जो अपमानजनक हैं, इसलिए भाजपा को ऐसे विज्ञापन प्रकाशित करने से रोका जाता है।

### ममता-अधीर में जुबानी जंग: खरगे नरम

# अब अधीर की प्रशंसा कहा लड़ाकू सिपाही

**एजेंसी** | नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी में जुबानी जंग के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को अधीर रंजन चौधरी की तारीफ की। खरगे ने उन्हें सबसे पुरानी पार्टी का ‘लड़ाकू सिपाही’ बताया। चौधरी ने पिछले सप्ताह कहा था कि ममता बनर्जी पर विश्वास नहीं किया जा सकता और वह भाजपा के साथ जा सकती हैं, जिसको लेकर खरगे ने उन्हें फटकार लगाई थी। दरअसल चौधरी ने अपनी टिप्पणी में आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री कांग्रेस को कुचलने के लिए हिंसा का उपयोग करती हैं और वह भाजपा की मदद कर रही हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस चौधरी के साथ वही गलती कर रही है जो उसने 1998 में बनर्जी के साथ की थी, जब उन्होंने पश्चिम बंगाल में अपने कैडर पर वामपंथियों के ‘अत्याचारों’ के विरोध में अपनी पार्टी छोड़कर अपना अलग संगठन बनाया था। खरगे ने कहा, मैं किसी व्यक्ति के बारे में बात नहीं करना चाहता।

---

### लोकसभा चुनाव: छठे चरण में मतदान 25 को

# यूपी-हरियाणा-दिल्ली-बंगाल में मुख्य परीक्षा, 58 सीटों पर होगी वोटिंग

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव को लेकर घमासान जारी है। भाजपा और विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेता चुनाव प्रचार में जुटे हैं। चुनाव के पांच चरणों के लिए मतदान हो चुका है। इसके साथ ही छठे चरण के मतदान के लिए सियासी घमासान तेज हो गया है। इसी चरण में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सियासी मूड का भी फैसला होगा।

इस चरण में आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की कुल 58 लोकसभा सीटों पर 25 मई को मतदान होगा। इस चरण में कुल 889 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इसमें अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट के 20 प्रत्याशी भी शामिल हैं। पहले यहां तीसरे चरण में मतदान होना था। मगर बाद में छठे चरण के लिए स्थगित कर दिया गया था। छठे चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों के लिए मतदान होगा। यह चरण भाजपा और समाजवादी पार्टी- कांग्रेस के लिए बहुत अहम है। इसके अलावा इस चरण में हरियाणा की सभी 10 सीटों तथा पश्चिम बंगाल में आठ सीटों पर हो रहा मतदान सत्तारूढ़ भाजपा व विपक्षी गठबंधन दोनों के लिए ही अहम है। भाजपा तीसरी बार सत्ता में वापसी के लिए इन महत्वपूर्ण



सीटों पर सफलता दर्ज करने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है। इस चरण में बिहार में 86, हरियाणा में 223, जम्मू-कश्मीर में 20, झारखंड में 93, दिल्ली में 162, ओडिशा में 64, उत्तर प्रदेश में 162 और पश्चिम बंगाल 79 प्रत्याशी मैदान में हैं।

### सियासी घमासान: चुनाव प्रचार में नेताओं ने किए जमकर प्रहार

#### केजरीवाल ने अपनी पत्नी को बताया झांसी की रानी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार को पहली बार अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल के साथ लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार करते हुए नजर आए। अरविंद केजरीवाल ने अपनी पत्नी की इस बात के लिए प्रशंसा भी कर दी कि उनकी गैरमौजूदगी में सुनीता केजरीवाल ने बेहतर तरीके से चुनाव कैंपेन को संभाला। केजरीवाल ने सुनीता केजरीवाल को ‘झांसी की रानी’ बताया। ईस्ट दिल्ली की गांधी नगर विधानसभा क्षेत्र में पत्नी संग चुनाव प्रचार कर रहे केजरीवाल ने कहा, ‘आज मैं अपनी पत्नी को भी अपने साथ लेकर आया हूं। मेरी गैरमौजूदगी में उन्होंने सारी जिम्मेदारियां लीं।

#### मुझ से ज्यादा नौकरी प्रधानमंत्री मोदी ने दी तो राजनीति से संन्यास ले लूंगा: तेजस्वी यादव

बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम व राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर पीएम मोदी ने 10 साल में उनसे ज्यादा नौकरियां दी हैं, तो वह राजनीति से संन्यास ले लेंगे। तेजस्वी ने कहा कि मोदी 10 साल से सत्ता में हैं, जनता उन्हें लगातार मौका दे रही है। फिर भी उन्होंने लोगों से वादा पूरा नहीं किया। इससे जनता की उम्मीदें कम होती हैं। तेजस्वी ने सोमवार को पटना में मीडिया से बातचीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे को लेकर हमला बोला। इस दौरान उन्होंने महागठबंधन सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियां भी गिनाई। उन्होंने कहा कि उन्हें 17 महीने सत्ता में रहने का मौका मिला, तो 5 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी। इसके अलावा तीन लाख नौकरियां प्रक्रियाधीन कराकर आए। तेजस्वी ने आगे कहा कि उन्होंने बिहार के साढ़े चार लाख नियोजित शिक्षकों को सरकारी कर्मी का दर्जा दिया। मानदेय दोगुना किया, आरक्षण का दायरा बढ़ाकर 75 फीसदी कर दिया गया। जाति आधारित गणना कराई, आईटी, स्पोर्ट्स एवं टूरिज्म पॉलिसी बनाई, 50 करोड़ का निवेश लाने के लिए एग्रीमेंट कराए। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का इस पर मुंह नहीं खुलता कि तेजस्वी यादव ने इतना काम किया। 10 साल में अगर पीएम मोदी ने तेजस्वी से ज्यादा नौकरी दी होगी तो, वह राजनीति से संन्यास ले लेंगे।

## जरूरी खबर

### रेलवे ट्रैक पर बैठे किसानों ने खत्म किया धरना



**चंडीगढ़।** अपनी मांगों को लेकर पिछले एक महीने से पंजाब के शंभू बॉर्डर स्थित रेलवे ट्रैक पर आंदोलन कर रहे किसानों ने तुरंत प्रभाव से अपना धरना खत्म करने की घोषणा की है। हालांकि, शंभू बॉर्डर पर किसानों का धरना जारी रहेगा। हरियाणा सरकार की ओर से गिरफ्तार किए गए तीन किसानों की रिहाई की मांग को लेकर शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों ने रेलवे ट्रैक जाम कर रखा था। इससे कई ट्रेनें कई दिनों से रद्द थीं और कई ट्रेनों के रूट डायवर्ट किए गए थे। इस बीच, किसान नेता सुरजीत सिंह फुल ने बताया कि सोमवार शाम से तुरंत प्रभाव से किसान शंभू रेलवे स्टेशन और रेल ट्रैकों से उठ जाएंगे।

### 3 नए आपराधिक कानूनों पर सुनवाई से SC का इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट की जगह लेने वाले तीन नए आपराधिक कानूनों के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई करने से सोमवार को इनकार कर दिया। न्यायाधीश बेला एम त्रिवेदी और न्यायाधीश पंकज मिथल की पीठ ने वकील विशाल तिवारी द्वारा दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। इसके बाद तिवारी ने याचिका वापस ले ली। याचिकाकर्ता ने तीन नए आपराधिक कानूनों के संचालन और कार्यान्वयन को जारी रखने के लिए निर्देश जारी करने की मांग की। याचिका के अनुसार, तीन आपराधिक कानून बिना किसी संसदीय बहस के पारित और अधिनियमित किए गए, क्योंकि इस अवधि के दौरान अधिकांश सदस्य निलंबित थे।

### चारधाम यात्रा: 31 तक ऑफलाइन पंजीकरण स्थगित

**देहरादून।** चारधाम यात्रा के लिए 31 मई तक ऑफलाइन पंजीकरण स्थगित कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में चारधाम यात्रा व्यवस्था की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को इसके निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुरक्षा और सुविधा के दृष्टिगत यह निर्णय लिया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान भीड़ प्रबंधन का विशेष ध्यान रखने के साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि चारों धामों में श्रद्धालुओं की जो संख्या निर्धारित की गई है, उसके अनुसार उन्हें भेजा जाए।

## जम्मू-कश्मीर में फिर जीता लोकतंत्र, बारामूला में टूटा वोटिंग का रिकॉर्ड



*नई दिल्ली। देश में सोमवार को 8 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेश की 49 सीटों पर मतदान हुआ। इसमें जम्मू कश्मीर की बारमूला सीट भी शामिल है। बारामूला लोकसभा सीट पर वोटिंग सभी पुराने रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 59 फीसदी दर्ज की गई, जो अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर का बारामूला निर्वाचन क्षेत्र में पिछले सभी लोकसभा चुनावों में "सर्वाधिक" मतदान दर्ज किया गया है। फोटो देश के विभिन्न हिस्सों में मतदान के लिए पहुंचे लोग।*

ईडी ने गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर किया दावा

# आप को 7.08 करोड़ रुपए की विदेशों से हुई थी अवैध फंडिंग

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने आम आदमी पार्टी को गलत तरीके से विदेश से सात करोड़ों रुपए की फंडिंग मिलने की बात कही है। ईडी की ओर से केंद्रीय गृह मंत्रालय को इस संबंध में एक रिपोर्ट सौंपी गई है। ईडी के नए आरोपों पर सियासत गरमा गई है। आम आदमी पार्टी ने इस आरोप को खारिज करते हुए केंद्र और भाजपा पर तीखा हमला बोला है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आम आदमी पार्टी को विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) का उल्लंघन करके 7.08 करोड़ रुपए से अधिक की विदेशी धनराशि प्राप्त की।

यह मामला तब सामने आया जब पंजाब के फजिलका में एक ड्रग्स नेटवर्क केस की जांच की जा रही थी। इंटरनेशनल ड्रग्स गिरोह कथित तौर पर पाकिस्तान से हेरोइन की तस्करी में शामिल था। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि पंजाब के पूर्व आप विधायक सुखपाल सिंह खैरा और कुछ अन्य के खिलाफ ड्रग्स से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के दौरान कुछ दस्तावेज और ई-मेल बरामद होने के बाद यह पत्र भेजा गया है।




### कनाडा-अमेरिका समेत कई देशों से फंडिंग

रिपोर्ट के अनुसार कनाडा, अमेरिका, मध्य पूर्व खाड़ी देश, न्यूजीलैंड के साथ ही ऑस्ट्रेलिया से ये फंडिंग की गई है। आम आदमी पार्टी ने विदेशी दानदाताओं से प्राप्त 7 करोड़ रुपए के स्रोत की पहचान छिपाई। ईडी ने गृह मंत्रालय को दानकर्ताओं के बारे में सत्यापित जानकारी प्रदान की। इसमें उनकी राष्ट्रीयता, पासपोर्ट संख्या, दान राशि, दान का तरीका, बैंक खाता संख्या, बिलिंग विवरण और भुगतान गेटवे का यूज शामिल है।

### सरकार को बदनाम करने की साजिश: आप

आम आदमी पार्टी ने विदेशी फंड प्राप्त करने के आरोप का खंडन करते हुए कहा कि यह केजरीवाल सरकार को बदनाम करने के लिए भाजपा की एक नई साजिश है। आप नेता आतिशी और संदीप पाठक ने संयुक्त प्रेस कॉन्कफ्रेंस में कहा कि भाजपा आप को निशाना बनाने के लिए पुराने मुद्दे को उठा रही है। दोनों नेताओं ने दावा किया कि दिल्ली में चुनाव नजदीक आने के साथ ही ऐसे और आरोप सामने आएंगे। आतिशी ने कहा- शराब घोटाले और स्वाति मालीवाल प्रकरण फेल होने के बाद अब भाजपा यह नया मामला लाई है। मंगलवार को एक और मामला आएगा। इससे जाहिर है भाजपा दिल्ली और पंजाब की सभी 20 सीटें हार रही है। यह सब चलने वाला नहीं है। जनता मोदी जी से बहुत नाराज है।

आतंकी हमले करने की थी साजिश

## अहमदाबाद एयरपोर्ट से ISIS के चार आतंकी गिरफ्तार



एजेंसी | अहमदाबाद

देश में लोकसभा चुनाव के बीच गुजरात एंटी टेरर स्क्वॉड (एटीएस) ने अहमदाबाद एयरपोर्ट से इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) से जुड़े 4 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। चारों आतंकी श्रीलंका के नागरिक हैं। हाल ही में पुलिस को स्कूलों और एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। जिसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। चारों आतंकियों को केंद्रीय एजेंसी से मिले इनपुट के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। एटीएस अब इस बारे में जानकारी जुटा रही है कि ये किस मकसद से अहमदाबाद आए थे और इस दौरान किन-किन लोगों से संपर्क किया। पकड़े गए आतंकवादियों की पहचान मोहम्मद नुसरत, मोहम्मद फारीस, मोहम्मद रसदीन और मोहम्मद नफरान के तौर पर हुई है। एटीएस ने बताया कि यह सभी श्रीलंका के नागरिक हैं और वहीं के रहने वाले हैं। आतंकियों से बरामद सामान से यह भी खुलासा हुआ है कि वो इस्लामिक स्टेट के बैनर तले भारत में कुछ जगहों पर आतंकी हमला करना चाहते थे और इसी मंशा से अहमदाबाद आए थे। शुरुआती जांच-पड़ताल में यह भी सामने आया है कि वे मुस्लिमों के खिलाफ नफरत फैलाने वालों को सबक भी सिखाना चाहते थे।

### आतंकियों के पास बंदूक - कारतूस

एटीएस यह भी बताया है कि मोहम्मद नुसरत के पास पाकिस्तान का एक वैध वीजा भी है। इनके पास से पिंक रंग का एक पार्सल मिला है। इसमें बंदूकें, कारतूस और एक काले रंग का झंडा था।

कोवैक्सिन: ICMR ने बीएचयू की रिसर्च रिपोर्ट खारिज की

## BHU को नोटिस भेजकर मांगा जवाब

एजेंसी | नई दिल्ली

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) ने भारतीय कोविड वैक्सीन कोवैक्सिन पर बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी के अध्ययन के निष्कर्षों का खंडन किया है। साथ ही, इस पर कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। इसके साथ ही नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। वहीं बीएचयू की ओर से इस पूरे मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय टीम गठित की गई है।

आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने कोवैक्सिन पर अध्ययन करने वाले विश्वविद्यालय के संस्थानों और प्रकाशित करने वाली न्यूजीलैंड की पत्रिका को अलग-अलग पत्र भेजा है। इसमें रिसर्च से आईसीएमआर का नाम हटाने को कहा है। पत्र में कहा गया कि इस अध्ययन की प्रक्रिया अवैज्ञानिक है और यह पूर्वाग्रह से ग्रसित है।




### डॉ. बहल ने दोनों पत्रों से ICMR का नाम अलग करने को कहा

बीएचयू के अनुसंधानकर्ताओं ने एक साल के अध्ययन में दावा किया था कि भारत बायोटेक की कोवैक्सीन लगवाने वाले लगभग एक-तिहाई व्यक्तियों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शोधकर्ताओं ने इन समस्याओं को विशेष रुचि वाली प्रतिकूल घटनाओं या एईएसआई की संज्ञा दी है। कौवैक्सीन लगवाने के बाद कई लोगों को श्वास संबंधी संक्रमण का सामना करना पड़ा है

## कोई भी विशेष नागरिक के रूप में स्वीकार नहीं: मोदी

एजेंसी | नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी का कहा है कि भाजपा को दक्षिण भारत में सबसे ज्यादा सीटें मिलेंगी। इसके अलावा उन्होंने एक बार फिर से दोहराया कि राजग को 400 से ज्यादा सीटें हासिल होंगी। साथ ही उन्होंने कहा कि वह किसी को भी 'विशेष नागरिक' के रूप में स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कांग्रेस पर संविधान की धर्मनिरपेक्ष भावना का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार पीएम मोदी ने एक इंटरव्यू में कहा कि मैंने अल्पसंख्यकों के खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोला है। मैं कांग्रेस की वोट बैंक की राजनीति के खिलाफ बोल रहा हूं। मैं कांग्रेस के संविधान के खिलाफ काम करने पर बोल रहा हूं। बासाहेब अंबेडकर और पंडित नेहरू सहित भारत के संविधान निर्माताओं ने निर्णय लिया कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा। अब जब आप उससे मुंह मोड़ रहे हैं तो उन्हें बेनकाब करना मेरी जिम्मेदारी है। भाजपा कभी भी अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा किहम इस बार वह मिथक तोड़ देंगे, जिसमें कहा जाता रहा है कि भाजपा की दक्षिण भारत के राज्यों में कोई ज्यादा ताकत नहीं है।

## खाई में गिरी पिकअप, 19 की मौत

- मृतकों में 18 महिलाएं

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा में भीषण सड़क हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 18 महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। वहीं हादसे में घायल चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह हादसा एक पिकअप के पलटने की वजह से हुआ। पिकअप 30 फीट नीचे खाई में गिर गई पिकअप में करीब 36 लोग सवार थे, ये सभी तेंदूपत्ता तोड़कर वापस लौट रहे थे। हादसा कुकदूर थाना क्षेत्र के बाहपानी में हुआ है। सभी मृतक सेमरहा गांव के रहने वाले हैं।

पीएम मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति के निधन पर जताया दुख

# भारत से मजबूत संबंधों के पक्षधर थे, दिया चाबहार का तोहफा

एजेंसी | नई दिल्ली

हेलिकॉप्टर हादसे में दिवंगत हुए ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी भारत के साथ मजबूत और दोस्ताना रिश्तों के हिमायती थे। हाल ही भारत और ईरान ने चाबहार बंदरगाह के संचालन को लेकर एक ऐतिहासिक समझौता किया जिससे भारत की अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंच को और आसान हो गई है। दोनों देशों ने यह समझौता अमेरिका के विरोध के बीच किया था। अमेरिका ने इस समझौते पर अप्रसन्नता जताई थी।

रईसी के कार्यकाल में ही भारतीयों के लिए वीजा ऑन अराइवल सर्विस शुरू की थी।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रईसी के निधन पर से निधन पर शोक व्यक्त किया है। मोदी ने एक्स पर लिखा, भारत-ईरान द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उनके परिवार और ईरान के लोगों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। दुख की इस घड़ी में भारत ईरान के साथ खड़ा है। ज्ञात रहे कि इब्राहिम रईसी ने ईरान की सत्ता 2021 में उस समय संभाली थी, जब उनके सामने घरेलू स्तर पर तमाम चुनौतियां थीं। इब्राहिम रईसी को ईरान के सर्वाच्च धार्मिक नेता अयातोल्लाह खामनेई का काफी नजदीकी माना जाता था और कहा ये भी जाता है कि रईसी को खामनेई के उत्तराधिकारी के तौर पर देखा जा रहा था।

दिल्ली में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा है कि ईरान के दिवंगत राष्ट्रपति और विदेश मंत्री की वजह से हम दीर्घकालिक समझौते पर हस्ताक्षर कर पाए। चाबहार बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह विश्व को जोड़ने वाला एक बड़ा कॉरिडोर है। इस वजह से विश्व के केंद्र में भारत की स्थिति मजबूत होगी और हमें फायदा होगा।

### कश्मीर पर पाकिस्तान को दिया झटका

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी पिछले महीने अप्रैल में पाकिस्तान के दौरे थे। इस तीन दिवसीय दौरे के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संवाददाता सम्मेलन में रईसी के सामने कश्मीर का मुद्दा उठाया। लेकिन रईसी ने उस भाषण में कश्मीर का जिक्र तक नहीं किया। अपने संबोधन में रईसी ने सिर्फ फिलिस्तीन का मुद्दा उठाया।

### 10 साल के लिए मिला चाबहार

यह समझौता 10 साल के लिए चाबहार स्थित शाहिद बेहेस्ती बंदरगाह के संचालन के लिए किया गया। यह भारत के लिए बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि इसने क्षेत्रीय व्यापार के मद्देनजर भारत की अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंच को और आसान कर दिया। वहीं भारत की योजना चाबहार को अंतरराष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारे से जोड़ने की है। 7200 किलोमीटर लंबा ये गलियारा भारत को ईरान, अजरबैजान के रास्ते होते हुए रूस के सेंट पीटर्सबर्ग से जोड़ेगा।

### मौत पर उठते सवाल

दूसरी ओर राष्ट्रपति रईसी और अन्य लोगों की मौत के कारणों को लेकर सोशल मीडिया पर कई तरह की बातें हुईं। एक्स पर #Mossad ट्रेंड करने लगा और इसके बीच इजरायल का हाथ होने की बात भी कही जाने लगी। दरअसल, यह हादसा ऐसे समय हुआ जब पश्चिम एशिया इजरायल-हमास युद्ध के कारण अशांत है। हाल में ईरान व ईजराइल के बीच बढ़ते तनाव के कारण कुछ लोग इस हादसे को इजरायली साजिश के रूप में भी देख रहे हैं।

### सेवानिवृत्ति पर जज बोले: मैं रहा हूं RSS का कार्यकर्ता

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के चित्त रंजन दास सोमवार को सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर आयोजित विदाई समारोह में दास ने कहा कि वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य थे। अगर आरएसएस ने किसी भी काम के लिए बुलाया और अगर वह काम करने में सक्षम हैं, तो संगठन में वापस जरूर जाएंगे। दास ने कहा 'कुछ लोगों को पसंद नहीं होगा लेकिन मुझे यह बताना है कि मैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का सदस्य था और आगे भी रहूंगा। उन्होंने अपने काम की वजह से संगठन से 37 वर्षों तक दूरी बनाए रखी। मैंने कभी भी अपने करियर में उन्नति के लिए संगठन की सदस्यता का इस्तेमाल नहीं किया क्योंकि यह सिद्धांतों के खिलाफ है।



### इति आचार्य ने इंडस्ट्री को इंटरनेशनल लेवल पर किया रिप्रेजेंट

# पिंकसिटी का टैलेंट तीसरी बार पहुंचा कांस के रेड कारपेट पर

**बेधड़क | जयपुर**

दुनिया भर के सितारों के बीच 14 से 25 मई तक फ्रांस में आयोजित हुए 77वें वार्षिक कांस फिल्म फेस्टिवल-2024 में जयपुर भी शामिल रहा। गुलाबी नगरी की पेशे से एक्ट्रेस प्रोड्यूसर इति आचार्य ने लगातार तीसरी बार रेड कार्पेट पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। हाई एंड स्टार लोडेड फैशनेबल इवेंट में इति ने अपने देश और भारतीय फिल्म जगत को अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर रिप्रेजेंट किया।



### ड्रेस और जूलरी रही खास

कान्स में अपने रेड कार्पेट लुक के लिए उन्होंने कैट वॉक कोटयोर का डिजाइनर गाउन पहना, जिसमें वह बेहद ही खूबसूरत दिख रहीं थीं। साथ उन्होंने मोरडाटा इंडिया का बैग और हाउस ऑफ डोरो जूलरी का आकर्षक जूलरी पीस कैरी करते हुए स्वयं को स्टालिश लुक दिया।

### देश का नाम रोशन करना गर्व की बात

कांस अनुभव पर इति ने कहा, कि अच्छा लगता है जब टैलेंट इंटरनेशनल लेवल पर देश को रिप्रेजेंट करता है। देश का नाम रोशन करना गर्व की बात है। मैं लकी हूं कि मुझे यह मौका मिला है। कांस में मेरा लगातार तीसरा साल है। कांस जैसे बड़े और ग्लोबल मंच पर आकर खुद व परिवार के साथ फैंस को खुशी मिलती है।

### बॉलीवुड का भी रहा जमावड़ा

गौरतलब है कि ग्लोबल फिल्म फैशन फेस्टिवल में कियारा, ऐश्वर्या, उर्वशी रौतेला, अदिति राव हैदरी, जैकलीन, शोभिता, रैपर किंग जैसे भारतीय सितारों ने शिरकत कर फैशन ट्रेंड्स को शोकेस किया था। इन्हीं के साथ जयपुर का टैलेंट भी वहां मौजूद रहा, जिसे लोगों ने मोटिवेट किया।

## मोहिनी एकादशी पर संकीर्तन



**बेधड़क. जयपुर।** राजधानी जयपुर में मोहिनी एकादशी पर मंदिरों में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में बाबा शुक्रदेवदास निम्बार्क संत आश्रम नायला में मोहिनी एकादशी पर संकीर्तन एवं भजन संध्या आयोजित की गई। इस अवसर पर राधा ब्रजचंद बिहारी संकीर्तन मंडल द्वारा ठाकुर जी का गुणगान किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।



## अविवा फुटबाल अकादमी ने 2-1 से मैच जीता

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के बैनर तले खेले जा रहे फुटबॉल लीग मुकाबले में सोमवार को 72 में से 67 नंबर का मैच खेला गया। सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि इसमें दोनों ही टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। अविवा फुटबॉल क्लब और सनराइस फुटबॉल क्लब के बीच मैच खेला गया। इसमें अविवा फुटबॉल अकादमी ने 2-1 से मैच जीत लिया।

## विदुषियों ने की मंगल प्रार्थना

**बेधड़क. जयपुर।** जनकपुरी ज्योति नगर में संत श्री सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर सोमवार को विदुषियों द्वारा नमोकार व मंगल प्रार्थना से शुरू हुआ। मंदिर समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि मंगल दीप प्रज्वलन सतीश चंद , सोनिया ,कणिका जैन बांदीकुई वाले परिवार द्वारा किया गया। इधर, इष्टोपदेश की क्लास में विदुषी प्रिंसी ने बताया कि आचार्य पूज्य पाद रचित इस अध्यात्म ग्रन्थ में इष्ट आत्मा के स्वरूप का परिचय प्रस्तुत किया है। 51 श्लोकों में पूज्यपाद स्वामी ने अध्यात्म को गागर में सागर भर देने की कहावत चरितार्थ की है। ईसा की छठवीं शताब्दी में रचित इस ग्रन्थ का सार है कि संसार की यथार्थ स्थिति का परिज्ञान प्राप्त होने से राग-द्वेष, मोह की परिणति घटती है। इस लघुकाय ग्रन्थ में समयसार की गाथाओं का सार अंकित किया गया है।


# City इवेंट्स

## जयपुर के केशव को दुबई में अवॉर्ड



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर प्रवासी दुबई निवासी केशव अग्रवाल को लगातार दूसरी बार सफल प्रदर्शन के लिए रेडिंगटन ग्रुप दुबई की ओर से क्वार्टरली शाइनिंग स्टार का अवॉर्ड दिया गया। अवॉर्ड फाइनेंसियल ईयर 2023-2024 के तीसरे व चौथ क्वार्टर के लिए दिया गया। केशव दुबई स्थित रेडिंगटन ग्रुप के मोबिलिटी सोल्यूशंस ग्रुप में बिजनेस मैनेजर हैं। अवॉर्ड सेरेमनी में जय मोरदानी (वाईस प्रेसिडेंट), जिम मैथ्यु (प्रेसिडेंट), केशव अग्रवाल, श्वानाथ पल्लासेना (सीईओ), विक्रम गोपाल (वाईस प्रेसिडेंट) मौजूद रहे। इस उपलब्धि पर उनके पिता डॉ. अरुण अग्रवाल ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि केशव शुरू से पढ़ाई में भी इंटेलीजेंट रहे और काम के प्रति वे हमेशा हार्ड वर्किंग हैं।

## विजय सिंह नाहटा को पद्य पुरस्कार



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थानी भाषा मान्यता संघर्ष समिति और नेम प्रकाशन डेह (नागौर) की ओर से प्रदान किए जाने वाले मायड़ भाषा पुरस्कारों- 2024 की घोषणा कर दी गई है। संयोजक पवन पहाड़िया ने बताया कि इस वर्ष वरिष्ठ साहित्यकार और कवि विजय सिंह नाहटा को उनके राजस्थानी कविता संग्रह 'गम्योड़े समदर रा सपना' के लिए प्रतिष्ठित नेमीचंद पहाड़िया राजस्थानी पद्य पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया जाएगा। इन्हें पुररस्कार में शॉल, श्रीफल, साफा, सम्मान पत्र, स्मृति चिह्न और ग्यारह हजार रुपए की नकद राशि प्रदान की जाएगी। नाहटा के साहित्य पर दूरदर्शन पर 'सृजन के पल कार्यक्रम' में सोमवार को कहानीकार रजनी मोरवाल ने चर्चा की। नाहटा ने अपनी सृजन यात्रा के साथ ही साहित्य के सरोकारों , पहलुओं और भाषा के संबंध में बातचीत की। नाहटा के हिन्दी और राजस्थानी में छह कविता संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं।

### रामाज कुर्तीज की फैक्ट्री सीतापुरा में आयोजित किया रक्तदान शिविर

# महिलाओं की रही बड़ी भागीदारी, 100 यूनिट ब्लड एकत्र

**बेधड़क | जयपुर**

सीतापुरा स्थित रामाज कुर्तीज की फैक्ट्री में सोमवार को रक्तदान शिविर शिविर लगाया गया। सुबह 9 बजे से शुरू हुए इस शिविर के समापन तक इसमें 100 यूनिट ब्लड एकत्र किया गया। मोहित टेलर ने बताया कि यह शिविर मंजू टेलर और महावीर टेलर की शादी की वर्षगांठ पर पिछले 15 साल से लगाया जा रहा है। दिनभर तेज गर्मी होने के बावजूद ब्लड कैम्प में लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इस दौरान एक सौ लोगों ने रक्तदान किया। खास बात यह रही कि शिविर में पुरुषों के साथ-साथ ही

महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में ब्लड दिया। मोहित टेलर ने कहा कि गर्मी के समय लोगों को ब्लड की काफी जरूरत होती है। ऐसे में इस छोटी सी मुहिम के माध्यम से हम काफी लोगों की जान बचा सकते हैं ब्लड देकर।





### स्क्रीनिंग ओर एक्स रे जांच भी की

शिविर में वर्ल्ड विजन इंडिया की तरफ से C19 प्रोग्राम के अंतगत स्क्रीनिंग ओर एक्स रे भी किया। जिला सुपरवाइजर ज्योति शर्मा के निर्देशन मे कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर राजेश गुप्ता, रवि गुर्जर और रेडिओग्राफर किशन सैनी ने फैक्ट्री कर्मचारियों और आए हुए लोगों की निशुल्क जांच की। भगवान महावीर कैंसर ब्लड बैंक से दीपक, स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक से डॉ. ओपी गुप्ता, एमडी भोजवानी, महात्मा गांधी ब्लड बैंक से खान, गौतम ने टीम से साथ ब्लड एकत्र किया। साथ ही मंजू टेलर और महावीर टेलर महावीर और मंजू को शादी की 39 वी वर्षगाठ पर केक कटिंग सेरेमनी आयोजित की गई। सभी डोनर को सर्टिफिकेट और हेलमेट देकर उनका सम्मान किया गया।

**सेमिनार** | खिलाड़ियों को डोपिंग से बचने के लिए किया जागरूक

# डोपिंग से शॉर्ट टर्म में फायदा, लेकिन लंबे समय नुकसान

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा की अध्यक्षता में स्पोर्ट्स बोर्ड द्वारा खिलाड़ियों को डोपिंग से बचने के लिए आयोजित सेमिनार में जागरूक किया गया। खेल बोर्ड सचिव डॉ. प्रीति शर्मा ने बताया कि इस दौरान डोपिंग के तमाम नुकसान बताए गए, साथ ही साथ डोपिंग पर और अंकुश लगाने के लिए रिजिनल एन्टी डोपिंग एजेंसी की स्थापना की जरूरत बताई।

नाडा की मेडिकल जूरी मेंबर डॉ. संजोगिता सूडान ने कहा कि पहले जहां 15 दिन में एक केस हमारे पास आते थे वहीं अब सप्ताह में चार केस आ रहे हैं। पुरुषों की तुलना में महिला खिलाड़ी ज्यादा डोप पॉजिटिव पाई जा रहीं हैं। इसके पीछे उनके परिवार का दबाव बड़ी वजह है। इतना ही नहीं इसमें नौकरी पाने की चाहत उन्हें इस तरफ ले जा रहा है। इससे बचना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि जो खिलाड़ी वहां सैंपल नहीं देते हैं उन्हें बिना टेस्ट के ही पॉजिटिव मान लिया जाता है। इसलिए इन सबसे बचने के लिए खिलाड़ी सिर्फ एमबीबीएस डॉक्टर्स से ही दवाएं लें। खिलाड़ियों को यह हिदायत भी दी गई कि जब भी किसी डॉक्टर से जरूरत पड़ने पर मिलें बीमारी के साथ-साथ उन्हें अपने खिलाड़ी होने की जानकारी भी दे। व्याख्यान के अतिथि वक्ता जी.एल. शर्मा, चीफ कार्डियोलॉजिस्ट, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा केन्द्र, जयपुर ने खिलाड़ियों को तमाम तरह के ड्रग्स व डोपिंग के तरीकों पर चर्चा की।



### सप्लिमेंट और अन्य चीजों से दूर रहें

इस सेमिनार में सभी विशेषज्ञों ने सप्लिमेंट और दवाओं से दूर रहने की सलाह दी है, क्योंकि कई बार अनजाने में खिलाड़ी दवाई खा लेते हैं और उसकी डोप रिपोर्ट पॉजिटिव आ जाती है। यहां तक की चार कप काफी पीने के बाद भी रिपोर्ट पॉजिटव आ जाती है। इसलिए इन सभी बातों से बचना चाहिए।

### अवेयर करना ही है इलाज, खुद बनें एंबेसडर

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अर्जुन अवार्डी और पूर्व ओलंपियन गोपाल सैनी ने कहा कि नेचुरल रहने से ही फायदा है। डोपिंग से शॉर्ट टर्म में फायदा मिलता है लेकिन लंबे समय के लिए नुकसान हो जाता है। इसलिए बचकर रहना चाहिए और लोगों को जितना अवेयर करेंगे, उतना बढिया रहेगा। गोपाल सैनी ने अपने पुराने अनुभवों को साझा किया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, मंगलवार, 21 मई, 2024



आप जो हो सकते थे, उसके लिए कभी देर नहीं हुई।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



युद्ध को लेकर आईसीसी सख्त

# नेतन्याहू और सिनवार के खिलाफ अरेस्ट वारंट की तैयारी

**एजेंसी** | तेल अवीव

अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, हमास नेता याह्या सिनवार और मोहम्मद दीफ के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने की तैयारी में है। अदालत के मुख्य अभियोजक करीम खान ने बताया कि आईसीसी इजराइल पर 7 अक्टूबर के हमलों और उसके बाद गाजा में युद्ध के दौरान युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप में हमास नेता याह्या सिनवार और इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के लिए गिरफ्तारी वारंट की मांग कर रहा है। खान ने कहा कि आईसीसी इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट के साथ-साथ हमास के दो अन्य शीर्ष नेताओं अल कासिम ब्रिगेड के नेता और मोहम्मद दीफ के नाम से कुख्यात मोहम्मद दियाब इब्राहिम अल-मसरी और हमास के राजनीतिक नेता इस्माइल हानिया के लिए भी वारंट मांग रही है। इजराइली राजनेताओं के खिलाफ वारंट पहली बार है जब आईसीसी ने संयुक्त राज्य अमेरिका के किसी करीबी सहयोगी के शीर्ष नेता को निशाना बनाया है। यह निर्णय नेतन्याहू को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की कैटेगरी में रखता है, जिनके लिए आईसीसी ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण पर गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।




## आईसीसी का पैनल करेगा मांग पर विचार

आईसीसी न्यायाधीशों का एक पैनल अब गिरफ्तारी वारंट के लिए खान के आवेदन पर विचार करेगा। खान ने कहा कि सिनवार, हनियेह और अल-मसरी के खिलाफ आरोपों में हत्या, बंधक बनाना, बलात्कार और हिरासत में यौन उत्पीड़न शामिल हैं। खान ने बताया कि 7 अक्टूबर को दुनिया स्तब्ध रह गई जब लोगों को उनके बेडरूम से, उनके घरों से, इजराइल के विभिन्न किबुतजिम से निकाल लिया गया। उन्होंने कहा कि लोगों को भारी नुकसान हुआ है।

## गाजा में इजराइली हवाई हमले में 27 की मौत

आईसीसी के मुख्य अभियोजक ने कहा, 'जिंदा बचे लोगों के साथ बातचीत में मैंने सुना कि कैसे एक परिवार के भीतर, एक माता पिता और उनके बच्चे के बीच प्रेम का रिश्ता युद्ध की भेंट चढ़ गया। ये कार्रवाई जवाबदेही की मांग करती है।' इस बीच मध्य गाजा में इजराइली हवाई हमले में 27 लोग मारे गए और हमास के साथ 8 महीने से चल रही लड़ाई ने रविवार को और जोर पकड़ लिया। हालांकि, युद्ध के बाद गाजा में कौन शासन करेगा... इस सवाल पर इजराइली नेता बंटे हुए हैं। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को अपनी वार कैबिनेट के 2 अन्य सदस्यों से आलोचना का सामना करना पड़ रहा। उनके मुख्य राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी बेनी गांत्ज ने कहा कि युद्ध के बाद गाजा के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रशासन को शामिल करते हुए 8 जून तक योजना नहीं बनाई जाती है तो वह सरकार से बाहर हो जाएंगे।

नेपाल के प्रधानमंत्री ने संसद में जीता विश्वास मत

# पुष्प कमल दहल की 'प्रचंड' जीत हासिल किए 157 वोट

**एजेंसी** | काठमांडू

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने सोमवार को संसद में विश्वास मत जीत लिया। इसके साथ ही वह एक बार फिर हिमालयी राष्ट्र में गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने को तैयार हैं। नेपाल की प्रतिनिधिसभा में देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी-कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी) के पूर्व गुरिल्ला नेता प्रचंड को 275 सदस्यीय प्रतिनिधिसभा में 157 वोट मिले। विश्वास मत जीतने के लिए सरकार को कम से कम 138 वोटों की आवश्यकता थी। इस दौरान मुख्य विपक्षी नेपाली कांग्रेस ने मतदान प्रक्रिया का बहिष्कार किया और सहकारी निधि के दुरुपयोग के आरोपी उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री रबी लामिछाने के खिलाफ नारे बाजी की, जिससे सत्र में देरी हुई।



## चौथी बार जीता विश्वास मत

प्रतिनिधिसभा एक सदस्य तटस्थ रहे। स्पीकर देवराज घिमिरे ने घोषणा की कि प्रचंड ने फ्लोर टेस्ट जीत लिया है, क्योंकि उन्हें संसद में बहुमत मिल गया है। दिसंबर 2022 में प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद से यह चौथी बार था जब प्रचंड ने सदन में विश्वास मत साबित किया। इससे पहले नेपाली कांग्रेस की रुकावटों के कारण मतदान में देरी हुई थी, जो घोटाले में लामिछाने की कथित संलिप्तता की जांच के लिए संसदीय जांच समिति के गठन की मांग कर रही थी।

## जेएसपी ने वापस लिया था समर्थन

पिछले हफ्ते गठबंधन सरकार में शामिल सहयोगियों में से एक जनता समाजबादी पार्टी (जेएसपी) ने अपना समर्थन वापस ले लिया था। संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक, किसी सहयोगी दल के सत्तारूढ़ गठबंधन से समर्थन वापस लेने के बाद प्रधानमंत्री को विश्वास मत हासिल करना होता है।

## इस साल मार्च में भी हासिल किया था विश्वासमत

उल्लेखनीय है कि 13 मार्च को भी प्रधानमंत्री दहल ने तीसरा विश्वास मत जीता था। उन्हें पिछले साल भी उस समय शक्ति परीक्षण करना पड़ा था जब पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन-यूएमएल ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए मुख्य विपक्षी पार्टी के उम्मीदवार का समर्थन करने को लेकर मतभेद के बाद प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया था। 2008 में 239 साल पुरानी राजशाही को समाप्त करने और गणतंत्र बनने के बाद से नेपाल में 13 बार सरकार बन चुकी हैं।

किर्गिस्तान में भारतीय दूतावास ने कहा कि अब स्थिति सामान्य

# 'बिश्केक में सभी भारतीय छात्र सुरक्षित'

**एजेंसी** | बिश्केक

किर्गिस्तान में भारतीय दूतावास ने कहा कि बिश्केक में स्थिति सामान्य है और सभी भारतीय छात्र सुरक्षित हैं। गौरतलब है कि 17 मई को यहां मुख्य रूप से पाकिस्तानी छात्रों और स्थानीय लोगों के बीच टकराव हो गया था। इसने किर्गिस्तान की राजधानी को हिलाकर रख दिया था।

भारतीय दूतावास ने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए भारतीय नागरिकों को हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करने की सलाह देते हुए कहा कि बिश्केक में स्थिति सामान्य है। सभी भारतीय छात्र सुरक्षित हैं। छात्रों को दूतावास के साथ संपर्क में रहने की सलाह देते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि वह भारतीय छात्रों की सुरक्षा पर नजर रख रहे हैं। इस बीच किर्गिस्तान के विदेश मंत्री जीनबेक कुलुबायेव ने अपने पाकिस्तानी समकक्ष मोहम्मद इशाक डार को फोन करके पाकिस्तानी मीडिया में किर्गिस्तान की घटना और स्थिति के बारे में 'झूठी और असत्यापित जानकारी के प्रसार के बारे में गंभीर चिंता' व्यक्त की। जे. कुलुबायेव ने सत्यापित जानकारी के उपयोग के महत्व के साथ-साथ झूठी सूचनाओं और प्रकाशनों को रोकने के महत्व पर जोर दिया, जो पाकिस्तान के सूचना क्षेत्र में किर्गिज-पाकिस्तानी संबंधों को नुकसान पहुंचा सकते हैं।



तीन भारतीय युद्धपोत पहुंचे फिलीपींस

# द. चीन सागर में नौसेना का शक्ति प्रदर्शन

**एजेंसी** | बीजिंग

भारतीय नौसेना के तीन जंगी जहाज इन दिनों चीन की नाक के नीचे दक्षिण चीन सागर में गश्त लगा रहे हैं। इन जहाजों ने सिंगापुर के बाद अब चीन के सबसे बड़े दुश्मन मुल्क फिलीपींस में डेरा डाला है। भारतीय युद्धपोतों का फिलीपींस में जोरदार स्वागत किया गया है। फिलीपींस की नौसेना ने भारतीय नौसेना के सम्मान में एक समारोह का भी आयोजन किया है। फिलिपींस और चीन में इन दिनों दक्षिण चीन सागर में स्थित द्वीपों को लेकर तनाव चरम पर है। दोनों देशों की नौसेनाएं कई बार आमने-सामने आ चुकी हैं। विशेषज्ञों को आशंका है कि फिलीपींस और चीन के बीच मौजूदा हालात युद्ध तक जा सकते हैं।




## चीन के भड़कने की आशंका

भारतीय नौसेना के युद्धपोतों की दक्षिण चीन सागर में तैनाती से चीन भड़क सकता है। उन्होंने चीन के आक्रामक प्रतिक्रिया की आशंका भी जताई। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने उस समय कहा था कि भारतीय गाइडेड मिसाइल विध्वंसक आईएनएस दिल्ली, बेड़े के टैंकर आईएनएस शक्ति और पनडुब्बी शिकारी आईएनएस किल्टन 'दोस्ती और सहयोग' को मजबूत करने के लिए सिंगापुर पहुंचे थे। इसके बाद आईएनएस किल्टन वियतनाम के कैम रैन खाड़ी के लिए रवाना हुआ, और वियतनामी नौसेना के साथ आदान-प्रदान और संयुक्त समुद्री अभ्यास के लिए पहुंचा। उसी दिन, आईएनएस दिल्ली और आईएनएस शक्ति समुद्री अभ्यास में भाग लेने के लिए मलेशिया के कोटा किनाबालु पहुंचे।

## मनीला में गर्मजोशी से किया स्वागत

भारतीय नौसेना ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि लंबे समय से चली आ रही मित्रता और समुद्री सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस दिल्ली, आईएनएस शक्ति और आईएनएस किल्टन फिलीपींस के मनीला पहुंचे। जहाजों का फिलीपींस नेवी द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह दौरा दक्षिण चीन सागर में भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े के ऑपरेशन तैनाती का हिस्सा है। यात्रा के दौरान, दोनों नौसेनाओं के कर्मी विषय वस्तु विशेषज्ञ आदान-प्रदान, खेल कार्यक्रम, क्रॉस-डेक दौरे, सांस्कृतिक दौरे और सहयोगी सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रमों सहित पेशेवर बातचीत की विस्तृत श्रृंखला में शामिल होंगे। जहाज फिलिपींस नौसेना के साथ मैरिटाइम पार्टनरशिप एक्सरसाइज में भी भाग लेंगे।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl